वर्ष -15 अंक-32 प्रत्येक गुरुवार को प्रकाशित अनूपपुर 10 से 16 अगस्त 2023 मूल्य 2.00 पृष्ठ 8 Epaper-www.fatwasamachar.com

डाक पंजी- SDL-0019/2025 RNI-MPHIN/2008/24599




# फतवा

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय समाचार पत्र

आपका विश्वास



पेज-2



पेज-3



पेज-6




**सुविचार**

सलाह के सौ शब्दों से ज्यादा अनुभव की एक ठोकर इंसान को बहुत मजबूत बनाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगेगा

**नई दिल्ली एजेंसी।** लोकसभा से शुक्रवार को को जीएसटी संशोधन विधेयक 2023 पारित हो गया है। यानी अब ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का रास्ता साफ हो गया है। यह अधिनियम 1 अक्टूबर से लागू हो सकता है। 28 प्रतिशत जीएसटी लागू होने के 6 महीने बाद इसकी समीक्षा की जाएगी। जीएसटी काउंसिल की 51वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, हॉर्स रेसिंग और कसीनो पर 28 प्रतिशत टैक्स लगाने का अंतिम फैसला किया गया था। इन पर अब तक 18 प्रतिशत टैक्स लगता था। सरकार ने गेम ऑफ स्किल और गेम ऑफ चांस को एक जैसा माना। वहीं कैंसर की दवा डिनुटूक्सिमैब के इम्पोर्ट पर लगने वाले जीएसटी को भी हटाने की मंजूरी दी थी। सिनेमा हॉल में खाने-पीने की चीजों के बिल पर लगने वाले जीएसटी को कम करने की सिफारिश को भी मंजूरी मिली थी। अब इनमें 18 के बजाय 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

### डब्ल्यूएफआई के चुनाव पर हाईकोर्ट की रोक

**चंडीगढ़ एजेंसी।** पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई यानी रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के चुनाव पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। कुश्ती संघ के लिए कल 12 अगस्त को चुनाव होना था। दरअसल, चार उम्मीदवार अध्यक्ष पद पर, जबकि तीन वरिष्ठ अपाध्यक्ष, 6 अपाध्यक्ष, तीन महासचिव, दो कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और 9 उम्मीदवार कार्यकारी सदस्य पद के लिए मैदान में हैं। 15 पदों पर 30 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। अध्यक्ष पद पर एक महिला ने भी आवेदन किया है। अध्यक्ष पद पर संजय सिंह के नामांकन को लेकर मामला कोर्ट पहुंचा था। संजय को कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और महिला पहलवानों के यौन उत्पीडन् के आरोपों में घिरे बृजभूषण शरण सिंह का करीबी बताया जाता है। उनकी उम्मीदवारी के खिलाफ बजरंग पुनिया सहित प्रदर्शनकारी पहलवानों ऐतराज जताया था। उन्होंने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से भी मुलाकात कर ये मुद्दे उठाया था। अनीता राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता और बृज भूषण के खिलाफ यौन उत्पीडन् के मामले में गवाह हैं।

ग्राम पंचायत सचिवों को 7वें वेतनमान का लाभ

# मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में किसानों को मिलेंगे छह हजार रूपये



### प्रदेश में 53 सीएम राइज विद्यालयों और 19 कन्या शिक्षा परिसर के निर्माण की स्वीकृति, मुख्यमंत्री चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

**भोपाल नप्र।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में हुई। मंत्रि-परिषद ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 से पात्र किसानों को 6 हजार रूपये का भुगतान करने की स्वीकृति दी है। पूर्व में 1 अप्रैल से 31 अगस्त एवं 1 सितम्बर से 31 मार्च की अवधि में 2 समान किश्तों में कुल 4 हजार रूपये का भुगतान किया जाता था। अब वित्तीय वर्ष 2023-2024 से 1 अप्रैल से 31 जुलाई, 1 अगस्त से 30 नवम्बर एवं 1 दिसम्बर से 31 मार्च की अवधि में कुल 3 समान किश्तों में कुल 6 हजार रूपये का भुगतान पात्र किसानों को करने की स्वीकृति दी गई है।

### ग्राम पंचायत सचिवों को 7वें वेतनमान का लाभ

मंत्रि-परिषद ने ग्राम पंचायत सचिवों को सातवें वेतनमान का लाभ देने का निर्णय लिया है। इस पर आने वाले अतिरिक्त व्ययभार राशि 178 करोड़ 88 लाख रूपये को गौण खनिज मद में अतिरिक्त रूप से उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया है।

### प्रदेश में 53 सीएम राइज विद्यालयों और 19 कन्या शिक्षा परिसर के निर्माण की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में 53 सीएम राइज विद्यालयों और 19 कन्या शिक्षा परिसर के निर्माण के लिये कुल 2491.91 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत 37 सर्वसुविधा सम्पन्न विद्यालयों के निर्माण के लिये कुल अनुमानित लागत 1362 करोड़ 91 लाख रूपये की स्वीकृति दी है। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत 16 सीएम राइज विद्यालय के लिये 540 करोड़ रूपये और 19 कन्या शिक्षा परिसर के लिये 589 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है।

### भिण्ड में सैनिक स्कूल के निर्माण की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद ने भिण्ड के मालनपुर में सैनिक स्कूल के निर्माण की स्वीकृति दी। सैनिक स्कूल का निर्माण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन से प्राप्त 100 करोड़ रूपये से किया जाएगा। सैनिक स्कूल के लिये फर्नीचर और संचालन के लिये मध्यप्रदेश शासन द्वारा बजट का प्रावधान किया जाएगा।

### जिला मऊगंज के गठन की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में नवीन जिला मऊगंज के गठन की स्वीकृति दी गई। रीवा जिले की 3 तहसीलें मऊगंज, हनुमना और नईगढ़ी को समाविष्ट कर नवीन जिला मऊगंज का गठन किया गया है। नवीन जिला मऊगंज के गठन के बाद शेष रीवा जिले में 9 तहसीलें हुजूर, हुजूर नगर, जया, त्योंथर, रायपुर करचुलियां, गुढ, सिरमौर, सेमरिया और मनगवां शेष रहेंगी। नवीन जिला मऊगंज के कुशल संचालन के लिये कलेक्टर का 1, अपर कलेक्टर का 1, संयुक्त कलेक्टर / डिप्टी कलेक्टर के 5. सहायक लेखाधिकारी वित्त विभाग (प्रतिनियुक्ति/ संविदा से) के 1. अधीक्षक का 01. सहायक अधीक्षक के 2. ऑडिटर का 1, निज सहायक का 1, स्टेनोग्राफर का 1. सहायक ग्रेड-2 के 13, सहायक ग्रेड-3 के 25, स्टेनोटायपिस्ट के 3, कम्प्यूटर आपरेटर के 3, वाहन चालक के 6, जमादार का 1 और भृत्य के 31 पदों का सृजन किया गया है।

### शाजापुर में नवीन अनुविभाग गुलाना के सृजन की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद ने शाजापुर में नवीन अनुविभाग गुलाना के सृजन की स्वीकृति दी। नवीन अनुविभाग में तहसील गुलाना के राजस्व निरीक्षक मण्डल गुलाना 1 के समस्त 20 हल्के, राजस्व निरीक्षक मण्डल मंगलाज 2 के समस्त 12 हल्के, राजस्व निरीक्षक मण्डल सलसलाई 3 के समस्त 12 हल्के इस प्रकार कुल 44 हल्के समाविष्ट होंगे तथा इसके गठन पश्चात शेष शाजापुर अनुविभाग में तहसील शाजापुर के 80 हल्के और मोहन बडोदिया के 48 हल्के इस प्रकार कुल 128 हल्के समाविष्ट होंगे।

# गुजरात में चक्रवाती हवाओं का घेरा; इंदौर-उज्जैन में भी असर



**भोपाल नप्र।** गुजरात के ऊपर चक्रवाती हवाओं का घेरा बनने से मध्यप्रदेश के मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर-उज्जैन में भी असर देखने को मिल रहा है। गुरुवार को खरगोन, धार और उज्जैन में हल्की बारिश हुई। ऐसा ही मौसम शुक्रवार को भी रहने का अनुमान है। दोनों संभाग के इंदौर, उज्जैन, खरगोन, बड़वानी समेत 15 जिलों में बादल छाए रहेंगे। कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है।

प्रदेश के बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क यानी साफ रहेगा। कहीं भी तेज बारिश होने का अनुमान नहीं है। दरअसल, प्रदेश में 13-14 अगस्त तक मानसून ब्रेक है। कोई मानसूनी सिस्टम एक्टिव नहीं होने से ऐसा हो रहा है। 5 अगस्त से ही प्रदेश में तेज बारिश नहीं हो रही है, लेकिन गुजरात के ऊपर अचानक साइकोनिक सर्कुलेशन (चक्रवाती हवाओं का घेरा) बनने के बाद मालवा-निमाड़ में मौसम बदल गया। गुजरात से जुड़े इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना बन रही है।

### मानसून ब्रेक से दिन का पारा बढ़ा

मानसून ब्रेक होने से प्रदेश के कई शहरों में दिन का तापमान भी बढ़ा है। गुरुवार को रतलाम में 2.8 डिग्री, सागर में 2.6 डिग्री, उमरिया-पचमढ़ी में 1.8 डिग्री, छिंदवाड़ा में 1.6 डिग्री तक पारा बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार, टेम्प्रेचर बढ़ने से गर्मी का असर रहेगा। वहीं, बारिश नहीं होना फसल दोनों के लिहाज से भी ठीक नहीं है। नमी, लोकल सिस्टम और साइकोनिक सकुर्लेशन बनने से कहीं-कहीं बारिश जारी रहेगी।

### 24 घंटे में कैसा रहा मानसून

खरगोन, धार और उज्जैन में बारिश हुई। खरगोन में 9 घंटे में सवा इंच से ज्यादा पानी बरस गया। चक्रवाती हवाओं के घेरे की वजह से ऐसा हुआ। बाकी जिलों में मौसम साफ रहा। भोपाल में सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके बाद दिनभर बादल छाए रहे।

## मणिपुर हिंसा, दिल्ली सेवा बिल, अविश्वास प्रस्ताव जैसे मुददों के नाम रहा संसद का मानसून सत्र

**नई दिल्ली एजेंसी।** संसद के मानसून सत्र का समापन शुक्रवार को होने वाला है। इस 16 दिवसीय मानसून सत्र के दौरान संसद में काफी सियासी घमासान देखने को मिला। मणिपुर हिंसा, दिल्ली सेवा बिल, अविश्वास प्रस्ताव जैसे मुददों पर संसद के दोनों सदनों में काफी हंगामा दिखाई दिया। इस दौरान कई सांसदों को पूरे सत्र के लिए सस्पेंड भी किया गया। मानसून सत्र के दौरान मणिपुर के मुद्दे पर दोनों सदनों में कार्यवाही को विपक्ष ने चलने नहीं दिया। विपक्ष मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर अड़ा हुआ था। वहीं, मोदी सरकार इसके लिए तैयार नहीं थी। आठ से 10 अगस्त तक संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हुई। कांग्रेस सांसद गौरव गोगई प्रस्ताव को लेकर आए थे, जिसका इंडिया गठबंधन ने समर्थन किया। इस दौरान अमित शाह, राहुल गांधी, स्मृति ईरानी, निर्मला सीतारमण जैसे बड़े नेताओं के बीच तीखी बहस देखने को मिली।

# अधीर रंजन चौधरी के निलंबन पर INDIA का मार्च: लोकसभा से विपक्ष का वॉकआउट; राज्यसभा से राघव चड्ढा सस्पेंड, संजय सिंह का निलंबन भी बढ़ाया

**नई दिल्ली एजेंसी।** मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को संसद में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी का सस्पेंशन हो गया। इसके विरोध में विपक्ष के नेताओं ने दोनों सदनों में हंगामा किया। I.N.D.I.A. के सांसदों ने लोकसभा की कार्यवाही का बहिष्कार करने का फैसला लिया। बाद में सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

इसके बाद दोपहर डेढ़ बजे विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में मार्च निकाला। इस प्रदर्शन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत सभी विपक्षी सांसद शामिल हुए।




उधर, राज्यसभा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी के सस्पेंशन का मुद्दा उठा। इधर, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने AAP सांसद राघव चड्ढा को निलंबित कर दिया है। सांसद संजय सिंह का निलंबन भी बढ़ा दिया गया है। अधीर रंजन समेत तीनों सांसद विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित रहेंगे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी सदस्यों के निलंबन का मुद्दा उठाया। हाथ जोड़ते हुए सभापति जगदीप धनखड़ से कहा, प्लीज मेरा माइक बंद न करें। दरअसल, जैसे ही खड़गे बोलने के लिए उठे सभापति उन्हें रोकने लगे।

खड़गे ने आगे कहा, हम तो इसमें विश्वास रखते हैं कि कल करने का है तो आज करो। आज करने का है तो अभी करो।

पल में प्रलय होगा फिर करोगे कब। सर डिबेट में छोटी-मोटी बात होती रहती हैं। जब एक-दूसरे के विषय में कहते हैं, अगर वह अनपार्लियामेंट्री है, किसी को दुखी करता है तो उसे आप कह सकते हैं कि ये अनपार्लियामेंट्री है। ये ठीक नहीं है। लेकिन वहां (लोकसभा में) हमारे अधीर रंजन चौधरी साहब को निलंबित किया गया।

वो बेहद हल्का मामला था। उन्होंने इतना ही बोला नीरव मोदी। नीरव मतलब शांत। साइलेंट। वो नीरव मोदी बोले। इसलिए आप उसे सस्पेंड करते हैं। खड़गे ने कहा, दिल की बात करूंगा, मन की बात तो मोदी जी करते हैं। इस बीच सदन में उन सांसदों को विदाई दी गई, जिनका कार्यकाल खत्म हो रहा है। सभापति जगदीप धनखड़ के बाद नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विदाई दी।

## पं. प्रदीप मिश्रा ने किया ओएमजी-2 का विरोध- कहा- फिल्म बनाने वालो शर्म आनी चाहिए

### कहा- तुम्हारे बाप को कचौड़ी मांगते हुए दिखाते तो मुझे खुशी होती

**दतिया नप्र।** फिल्म ओएमजी-2 को लेकर मध्यप्रदेश में विवाद हो रहा है। महाकाल मंदिर के पुजारी इस फिल्म को लेकर आपत्ति जता चुके है। इसमें फिल्माए गए सीन को लेकर विरोध हो रहा है। वहीं, अब इस विवाद में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का नाम भी जुड़ गया है।



दतिया में शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन उन्होंने इस फिल्म पर कहा कि फिल्म बनाने वालों को शर्म आना चाहिए। देवादि देव महादेव को कचौड़ी की दुकान पर कचौड़ी लेते हुए दिखा रहे हो। यदि तुम्हारी बाप को कचौड़ी लेते हुए दिखाते तो मुझे खुशी होती। दरअसल, आध्यात्मिक नगरी दतिया में शिव महापुराण कथा चल रही है। इसका आयोजन प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा कर रहे हैं। शुक्रवार को कथा के दूसरे दिन कथा सुनने लगभग 5 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। पंडाल में सबसे आगे बैठने के लिए श्रद्धालुओं ने बुधवार रात से ही डेरा जमा लिया था।

## सीमा हैदर के बाद उसकी डुप्लीकेट सीमा चर्चा में



**नई दिल्ली एजेंसी।** अपने प्यार की खातिर अवैध तरीके से चार बच्चों के साथ भारत आई पाकिस्तान की सीमा हैदर बीते एक माह से सुर्खियों में बनीं हुई है। यूपी एटीएस सीमा हैदर के कथित टेरर लिंक को लेकर लगातार पूछताछ कर रही है। इसी बीच सीमा हैदर की एक डुप्लीकेट भी अचानक सामने आ गई है। हूबहू सीमा जैसी शक्ल, तेवर और अदाओं वाली इस महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। दरअसल, कराची की सीमा हैदर और ग्रेटर नोएडा के सचिन मीणा को लेकर एक फिल्म बन रही है। यह फिल्म से पहले कलाकारों के चयन को लेकर ऑडिशन के दौरान का वीडियो है। वायरल वीडियो में दिख रही महिला सीमा हैदर के किरदार को निभाने के लिए ऑडिशन देने आई है। सचिन और सीमा की लव स्टोरी को लेकर बन रही फिल्म का नाम कराची टू नोएडा है। इस वायरल वीडियो में दिख रही महिला को पहली नजर में देखने के बाद हर कोई यह कह रहा है कि ये सीमा हैदर है।

## लहार में सीएम ने किया 559 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमि-पूजन

**भोपाल नप्र।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में जनता की जिंदगी बदलने का अभियान जारी रहेगा। आने वाला जमाना बहनों का है। बहनों की जिंदगी को खुशहाल बनाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उनकी जिंदगी में किसी भी तरह का दुख, तकलीफ और कष्ट नहीं रहने दिया जाएगा। लाड़ली बहना योजना में एक हजार रुपए से बढ़ाकर 3 हजार रुपए प्रति माह कर दिए जाएंगे। दूसरे गाँव पढ़ने जाने वाले बच्चों के लिये साइकिल के लिये आगामी 17 अगस्त को राशि अंतरित की जायेगी।

5 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया

# मप्र में पहली बार धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के मामले में बनाए गए कानून के तहत सुनाई सजा

**इन्दौर नप्र।** म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3/5 मे आरोपी मोहम्मद साबिर उम्र 20 वर्ष, निवासी इंदौर को 5 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) सुरेखा मिश्रा ने थाना हातोद के एक प्रकरण में निर्णय पारित करते हुए उक्त आरोपी को इसके अलावा धारा 376 (3) भादवि एवं 5एल/6 पॉक्सो एक्ट में 20-20 वर्ष तथा धारा 450 एवं 506 भा.दं.सं. में 07-07 वर्ष का सश्रम कारावास के साथ कुल 56000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।



मप्र में पहली बार धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के मामले में बनाए गए कानून में सजा सुनाने के इस प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन मे विशेष लोक अभियोजक सुशीला राठौर द्वारा की गई. सक्षम न्यायालय द्वारा 5,0000 रुपये प्रतिकर राशि एवं संपूर्ण जुर्माना भी पीड़ित बालिका को दिलवाये जाने की अनुशंसा की है। मामले में पीड़ित पक्ष की और से हातोद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि कि 09 सितम्बर 2020 को पीडिता के साथ आरोपी साबिर खान जिसे वह स्कूल से पहचानती थी, ने घर में अकेली पाकर चाकू की नोक पर दुष्कर्म करने के बाद धमकाया था कि यदि यह बात किसी को बताई तो वह उसे जान से मार देगा। इससे वह बहुत डर गई थी। इसलिये किसी से कुछ नहीं कहा।

फिर कुछ दिन बाद साबिर उसके घर आया व उसके साथ फिर जबरदस्ती करने का प्रयास करने लगा। पीडिता के मना करने पर उसने कहा कि उस दिन उसने आपत्तिजनक स्थिति में उसके फोटो खीच लिये थे और वीडियो भी बनाया था। अगर जो वह बोलता है वह नहीं करेगी तो यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करके उसे व उसके परिवार को आत्महत्या करने के लिये मजबूर कर देगा। विवश हो वह साबिर के अनुसार करती रही उसके साबिर ने उसे धमकी देते कहा कि अब तुझे अपना धर्म बदलकर मुस्लिम बनना पड़ेगा और निकाह भी करना पड़ेगा और नहीं मानी तो फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। इससे पीड़िता बहुत घबरा गई और अपने माता-पिता व भाई को पूरी बात बताई तथा उनके साथ थाने पर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## नागपुर से लापता भाजपा नेत्री की जबलपुर में हत्या



सना खान, मृतक भाजपा नेत्री

**जबलपुर नप्र।** महाराष्ट्र के नागपुर की भाजपा नेत्री सना खान की जबलपुर में हत्या कर दी गई है। जबलपुर की गोरा बाजार पुलिस ने इस मामले में आरोपी अमित उर्फ पप्पू साहू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने सना की हत्या कर शव को हिरन नदी में फेंकना कबूल किया है। सना ने चार महीने पहले ही अमित से कोर्ट मैरिज की थी। पुलिस आरोपी को घटनास्थल पर ले गई। हालांकि अभी तक शव नहीं मिला है। ये खुलासा भी नहीं हो सका है कि उसकी हत्या क्यों और कैसे की गई है। पुलिस ने दो अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया है। नागपुर के मानकापुर थाने के अवस्थी नगर में रहने वाली भाजपा नेत्री सना खान 2 अगस्त को जबलपुर आई थी, तभी से वह लापता थी। पता चला कि वह अमित साहू के पास आई थी। परिजनों ने अमित पर हत्या का शक जताया था।

# प्रधानमंत्री सागर में रखेंगे संत रविदास मंदिर निर्माण की आधारशिला

### 100 करोड़ की लागत से बनने वाला मंदिर सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट केंद्र बनेगा

**भोपाल नप्र।** सागर में 100 करोड़ रुपए की लागत से संत रविदास का मंदिर बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को इस मंदिर का शिलान्यास करेंगे। उनके प्रस्तावित मप्र दौरे से एक दिन पहले इस मंदिर का थ्री-डी मॉडल भी सामने आया है। इस मंदिर को नागर शैली से बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर में 8 फरवरी को संत रविदास मंदिर की योजना को भव्य रूप देकर निर्माण कराने की घोषणा की थी। इसे ही अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**रिसर्च का बड़ा केंद्र बनेगा यह मंदिर:** संत रविदास मन्दिर एवं कला संग्रहालय परिसर विभिन्न सुविधाओं के साथ देश-विदेश के कई साधक, संशोधक और भक्तों को आकर्षित करेगा। आधुनिक संसाधन, प्रकाश, पेड़-पौधों से परिसर का वातावरण ज्ञान के साथ सुकून का अनुभव भी कराएगा। संत रविदास मन्दिर एवं कला संग्रहालय 101 करोड़ की लागत से 11.21 एकड़ भूमि में आकार लेगा। मध्य में 5500 वर्गफुट में मुख्य मन्दिर होगा, जिसे नागर शैली से बनाया जाएगा। मंदिर में गर्भगृह, अन्तराल मन्डप तथा अर्धमन्डप बनेंगे। मन्दिर केवल पूजा का स्थान न बनकर सांस्कृतिक-आध्यात्मिक संवाद का केन्द्र बनेगा। संग्रहालय के प्रवेश द्वार के सामने बड़ा-सा जलकुंड बनाया जाएगा। उसके पास विहार करने योग्य विशाल गलियारा बनेगा।

### 313 नदियों का जल किया गया है एकत्रित



18 दिनों तक मध्यप्रदेश में चलने वाली संत शिरोमणि रविदास समरसता यात्रा का समापन 12 अगस्त को सागर में हो रहा है। नीमच, धार, श्योपुर, बालाघाट और सिंगरौली से एक साथ 25 जुलाई को यह समरसता यात्रा शुरू हुई थी। समरसता यात्रा के पांचों रूटों में 2500000 से अधिक लोग शामिल हुए थे। इस यात्रा में 20641 गांव से मिट्टी और 313 नदियों का जल सांकेतिक रूप से इकट्ठा किया गया है।

## संपादकीय

### बीमा कंपनियां और निजी अस्पताल के बीच मिलीभगत के कारण आयुष्मान भारत योजना में सेंधमारी

योजनाओं का वास्तविक लाभ तब तक लक्षित समूह तक नहीं पहुंच पाता, जब तक कि उन पर निगरानी तंत्र व्यावहारिक और पारदर्शी न हो। सरकारी योजनाओं में सेंध लगाने वाले हर समय ताक में रहते हैं। खासकर गरीबों के लिए चलाई जाने वाली ज्यादातर योजनाएं इसलिए अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाती हैं कि उनमें अनियमितताओं की दर सबसे अधिक देखी जाती है। सरकारें इस हकीकत से अनजान नहीं हैं। मगर हैरानी की बात है कि कल्याण योजनाएं शुरू करने से पहले उन पर निगरानी के पुख्ता इंतजाम नहीं किए जाते। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की गई थी, तब उम्मीद बनी थी कि इससे गरीब परिवारों को मुफ्त इलाज का लाभ मिल सकेगा। इस तरह देश का स्वास्थ्य सूचकांक भी सुधरेगा। मगर अभी नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग ने इस योजना के संबंध में जो आंकड़े पेश किए हैं, वे चिंता पैदा करने वाले हैं। कैग ने तीन ऐसे मोबाइल नंबरों की पहचान की है, जिन पर क्रमशः साढ़े सात लाख, एक लाख चालीस हजार और छियानबे हजार लोग इस योजना के तहत पंजीकृत थे।

एक पैन नंबर पर दो पंजीकरण के कई मामले पाए गए, सात आधार नंबरों पर साढ़े चार हजार से अधिक लोगों का पंजीकरण हुआ है। इसमें तैंतालीस हजार से अधिक ऐसे परिवार पंजीकृत पाए गए, जिनमें सदस्यों की संख्या ग्यारह से लेकर दो सौ एक तक है। छह राज्यों में एक लाख से ऊपर पेंशनभोगी भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

कैग ने सितंबर 2018 से मार्च 2021 के बीच की अवधि में हुई अनियमितताओं का विश्लेषण किया है। ये अनियमितताएं इसलिए हो पाईं कि लाभार्थियों के पंजीकरण के सत्यापन में पुख्ता तरीका नहीं अपनाया गया। बहुत सारे लोगों ने अवैध नाम, अवास्तविक जन्मतिथि, नकली पहचान पत्र, परिवार के सदस्यों की गलत संख्या आदि दर्ज करा कर इस योजना का लाभ उठाते रहे। विश्लेषित अवधि के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत सात करोड़ सत्तासी लाख लोग पंजीकृत थे। इस तरह अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिन समूहों को ध्यान में रख कर यह योजना शुरू की गई थी, उनमें से कितने लोग इसका लाभ पाने से वंचित रह गए और अपात्र लोगों ने इसका फायदा उठा लिया। दरअसल, इस योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को भुगतान करता है, जिनके जरिए इलाज करने वाले अस्पतालों को भुगतान किया जाता है। यह बात तो लंबे समय से उठाई जा रही थी कि बीमा कंपनियां और बहुत सारे निजी अस्पताल मिलीभगत करके आयुष्मान भारत योजना में सेंधमारी कर रहे हैं, मगर उन पर नजर रखने के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए। योजनाओं का वास्तविक लाभ तब तक लक्षित समूह तक नहीं पहुंच पाता, जब तक कि उन पर निगरानी का तंत्र व्यावहारिक और पारदर्शी न हो। आयुष्मान भारत की तरह ही अनेक योजनाएं बड़ी अनियमिताओं का शिकार हो चुकी हैं। मनरेगा के अंतर्गत भी बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की शिकायतें आई थीं, जिस पर रोक लगाने के लिए कुछ तकनीकी इंतजाम किए गए, वास्तविक लाभार्थियों की पहचान में मुस्तैदी बरती जाने लगी। हालांकि अब भी मनरेगा पूरी तरह भ्रष्टाचार मुक्त नहीं हो पाई है। मध्याह्न भोजन योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदि में भी इसी तरह लोगों ने सेंध लगाने का प्रयास किया। पिछले साल प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में भी बड़े पैमाने पर ऐसे लोगों का पंजीकरण चिह्नित किया गया, जो इसके सर्वथा अपात्र थे।

# चंद्रमा: सौंदर्य के कल्पनालोक का महानायक



लेखक
हृदयनारायण दीक्षित

कवियों ने चन्द्रमा के सौंदर्य को सुंदरता का प्रतीक बताया है। भारतीय साहित्य में भी चन्द्र सौंदर्य भरा पूरा है। वैदिक काल में चन्द्रमा की उपासना थी। इस उपासना के बीज भारतीय देव शास्त्र से लेकर प्राचीन यूनान, रोमन, ईरानी और जर्मन में पाए जाते हैं। डॉ. गया चरण त्रिपाठी ने ह्यवैदिक देवता उद्भव और विकासह्न के पृष्ठ 27 में लिखा है, ह्यह्यऋग्वेद में सूर्य के साथ द्वंद्व समास में इसका कई स्थानों पर उल्लेख है। ग्रीक देवशास्त्र में चन्द्रमा को तीन चक्रों वाले रथ में आकाश में भ्रमण करते हुए बताया गया है ।ह्यह्न विष्णु पुराण में भी इसी तरह का उल्लेख है। वैदिक साहित्य में चन्द्रमा औषधियों और सोम लता से सम्बंधित हैं। वे औषधियों के राजा हैं। रात्रि में औषधियां चन्द्रमा की किरणों से रस ग्रहण करती हैं। सोम और चन्द्रमा का सम्बंध बहुत प्रीतिपूर्ण है। वैदिक देवशास्त्र में चन्द्रमा और सोम लगभग पर्यायवाची हो गए हैं। डॉ. त्रिपाठी ने बताया है, ह्यह्यआर्य जाति में सूर्य और चन्द्रमा की विभिन्न लिंगों में कल्पना बहुत प्राचीन है। जर्मन, ऐंग्लोसेक्शन और लिथुआनियन भाषाओं में सूर्यवाची शब्द स्त्रीलिंग में है और चन्द्रमा के शब्द पुल्लिंग में है। लेकिन ग्रीक और लैटिन भाषाओं में सूर्यवाची सभी शब्द पुल्लिंग हैं और चंद्रमा के वाची स्त्रीलिंग। दोनों की भाई और बहन या पति के रूप में कल्पना की गई है।

चन्द्र देव भारतीय मनीषा की जिज्ञासा हैं। वे पृथ्वी के निवासियों का आकर्षण रहे हैं। संप्रति भारत की चन्द्रमा पर पहुँचने की महत्वाकांक्षी योजना चर्चा में है। सारी दुनिया का ध्यान चन्द्र देवता पर लगा हुआ है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रतिभाशाली वैज्ञानिक चन्द्रयान की सफलता को लेकर पूरे मनोयोग से जुटे हैं। चन्द्रयान की सफलता के बाद तमाम नए तथ्य प्रकाश में आएँगे। चन्द्रमा का पहला चित्र आ गया है। चन्द्रमा वैदिक काल से ही भारत का आकर्षण रहा है। लोकश्रुति के अनुसार चन्द्रमा माता पृथ्वी का भाई है। इसलिए हम सब का मामा है। प्रकृति सृष्टि के उदय के साथ ही चन्द्रमा का अस्तित्व भी प्रकट हुआ। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त (10.90.13) में कहा गया है कि विराट पुरुष के मन से चन्द्रमा और आँखों से सूर्य प्रकट हुआ - चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायतः ।ह्यह्न चन्द्रमा का सम्बंध मन से है। ऋग्वेद में चन्द्रमा भी एक देवता हैं। वे अंतरिक्ष स्थानीय देवता हैं। ऋग्वेद (10.85.19) में कहते हैं, ह्यह्यये चन्द्र देवता नित्य उदित होते हैं और नवीनतम होते हैं। सूर्य देव प्रतिदिन नवीन रूप में प्रातःकाल प्रकट होते हैं। वे देवों के निमित्त यज्ञ के हवि भाग की व्यवस्था करते हैं। इसी तरह चन्द्र देव सबको आनंदित जीवन और दीघार्यु प्रदान करते हैं। भारतीय काव्य परम्परा में चन्द्रमा सुंदरता बोधक हैं। कवियों ने चन्द्रमा के सौंदर्य को सुंदरता का प्रतीक बताया है। भारतीय साहित्य में भी चन्द्र सौंदर्य भरा पूरा है। वैदिक काल में चन्द्रमा की उपासना थी। इस उपासना के बीज भारतीय देव शास्त्र से लेकर प्राचीन यूनान, रोमन, ईरानी और जर्मन में पाए जाते हैं। डॉ. गया चरण त्रिपाठी ने ह्यवैदिक देवता उद्भव और विकासह्न के पृष्ठ 27 में लिखा है, ह्यह्यऋग्वेद में सूर्य के साथ द्वंद्व समास में इसका कई स्थानों पर उल्लेख है। ग्रीक देवशास्त्र में चन्द्रमा को तीन चक्रों वाले रथ में आकाश में भ्रमण करते हुए बताया गया है ।ह्यह्न विष्णु पुराण में भी इसी तरह का उल्लेख है। वैदिक साहित्य में चन्द्रमा औषधियों और सोम लता से सम्बंधित हैं। वे औषधियों के राजा हैं। रात्रि में औषधियां चन्द्रमा की किरणों से रस ग्रहण करती हैं। सोम और चन्द्रमा का सम्बंध बहुत प्रीतिपूर्ण है। वैदिक देवशास्त्र में चन्द्रमा और सोम लगभग पर्यायवाची हो गए हैं। डॉ. त्रिपाठी ने बताया है, ह्यह्यआर्य जाति में सूर्य और चन्द्रमा की विभिन्न लिंगों में कल्पना बहुत प्राचीन है। जर्मन, ऐंग्लोसेक्शन और लिथुआनियन भाषाओं में सूर्यवाची शब्द स्त्रीलिंग में है और चन्द्रमा के शब्द पुल्लिंग में है। लेकिन ग्रीक और लैटिन भाषाओं में सूर्यवाची सभी शब्द पुल्लिंग हैं और चंद्रमा के वाची स्त्रीलिंग। दोनों की भाई और बहन या पति के रूप में कल्पना की गई है। एक लैटिन गीत में कहा गया है कि, ह्यह्यएक बार चन्द्रमा और सूर्य ने परस्पर विवाह किया। पत्नी सूर्य प्रातःकाल उठ जाती थी। लेकिन पति (चन्द्रमा) देर से उठता था। दोनों में लड़ाई हो गई। पति (चन्द्रमा) उषा काल के तारे से प्रेम करने लगा। इससे शक्तिशाली पैकुण्न नाराज हुआ। उसने पति (चन्द्रमा) पर खड्ग प्रहार किया जिससे वह खंडित हो गया।ह्न इसी तरह की एक रोचक बात यूरोपीय लोककथा में कही गई है। इस कथा में सूर्य आकाश की पुत्री है और चन्द्रमा पुत्र। पिता आकाश ने पुत्र चन्द्रमा को दिन में तथा पुत्री सूर्य को रात्रि में प्रकाश करने के लिए नियुक्त किया। पुत्री को रात्रि में डर लगता था। इसलिए उसने दोनों की ड्यूटी बदल दी। दूसरे दिन प्रातः आकाश पुत्री पूरब से उदित हुई। पृथ्वी के लोग उसकी ओर एक टक देख रहे थे। भारत की प्राचीन लोककथाओं में सूर्य और चन्द्रमा राजा रानी हैं।



चन्द्रमा भारतीय सौन्दर्य कल्पनालोक का महानायक रहा है। चन्द्रमा सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित होता है। उसका अपना प्रकाश नहीं होता। एक तरह से चन्द्रमा ब्रह्माण्ड की पहली सौर्य ऊर्जा की लालटेन है। चन्द्रमा घटता-बढ़ता है। चन्द्र प्रकाश घटते-घटते पंद्रहवें दिन अमावस्या हो जाता है। इसी तरह बढ़ते-बढ़ते पंद्रहवें दिन पूर्णिमा बनता है। मास और मुहूर्त का विभाजन चन्द्रमा के कारण होता है। मुहूर्त का निर्धारण चन्द्र नक्षत्र के निर्वचन से होता है। मुहूर्त समय का अति छोटा हिस्सा होता है और सामान्य जीवन को प्रभावित करता है। महाभारतकार ने सुन्दर श्लोक में कहा है, ह्यह्यमुहूर्तं ज्वलितं श्रेयः, न तु धूमायितं चिरं।ह्यह्य - मुहूर्त भर पूरी शक्ति के साथ जलना और प्रकाश देना श्रेयस्कर है। लेकिन दीर्घ काल तक धुंआ देते जलना बेकार है। अल्पकाल के लोकमंगलकारी कार्य श्रेष्ठ होते हैं।

विश्व इतिहास के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य वराहमिहिर की प्रमुख रचना ह्यवृहत संहिताह्न है। इसकी व्याख्या डॉ. सुरेश चंद्र मिश्र ने की है। रंजन पब्लिकेशन से प्रकाशित इस पुस्तक के पृष्ठ 68 में वराहमिहिर ने कहा है, ह्यह्यचंद्रमा सूर्य के नीचे स्थित है। इस कारण उसके जिस भाग पर सूर्य की किरणें पड़ती हैं वह भाग चमकता है। चन्द्रमा का प्रकाश वस्तुतः सूर्य का ही प्रकाश है। जिस भाग पर सूर्य की किरणें नहीं पड़ती वह भाग उसकी स्वयं की छाया के कारण काला दिखाई पड़ता है। वराह मिहिर ने चन्द्रमा को जलीय ग्रह बताया है। सूर्य की किरणें चन्द्रमा पर पड़ती हैं तो रात्रि के अंधकार का नाश करती हैं। अमावस्या के अंत में सूर्य व चन्द्रमा का स्पष्ट समान होने पर चन्द्रमा सूर्य के ठीक नीचे होता है। तब पृथ्वी की ओर वाला चन्द्रभाग अंधकार में रहने से पृथ्वीवासियों को नहीं दिखाई पड़ता। ज्योतिर्विज्ञानियों के अनुसार चन्द्रमा एक राशि पर सवा दो दिन गतिमान रहते हैं। आधुनिक काल की बात दीगर है। वैदिक काल से लेकर लगध, वराह मिहिर, आर्यभट्ट, ब्रह्म गुप्त, भास्कराचार्य, कमलाकर भट्ट व सुधाकर द्विवेदी के काल से गुजरते हुए चन्द्रमा और उसकी राशियों का निर्वचन जारी है। यद्यपि चन्द्रमा स्वयं देवता हैं। लेकिन पूरे एशिया में प्रचलित शिव रूद्र के मस्तक पर चन्द्रमा दिखाई पड़ता है। शिव और चन्द्रमा का सम्बंध बहुत प्राचीन है। अनेक विद्वान सोम को भी चन्द्रमा मानते हैं। कौषीतकि ब्राह्मण और ऐतरेय ब्राह्मण में चन्द्रमा और सोम की अभिन्नता बताई गई है। चन्द्र देवता ही मासों के सृजनकर्ता हैं। उनके उद्भव से ही शुक्ल और कृष्ण पक्ष बनते हैं। चन्द्रमा देवता स्तुतिकताओं को शांति देते हैं और उनकी आयु में वृद्धि करते हैं। जैसे शिव सभी वर्गों, मनुष्यों, कीट पतिंगों और सांपों के भी जीवन रक्षक हैं। सांप उनके गले में रहता है। वैसे सोम भी वनस्पतियों के राजा हैं। चन्द्रमा की विश्व पुरुष से उत्पत्ति का उल्लेख तैत्तरीय ब्राह्मण में भी हुआ है। चन्द्रदेव के प्रकाश का अस्तित्व सूर्य पर आधारित है।

चन्द्रयान पर इसरो के अध्ययन से चन्द्रमा के सम्बंध में नए तथ्य प्राप्त होने की संभावनाएं हैं। संभव है कि चन्द्र अभियान के परिणाम प्राचीन भारतीय मान्यताओं की कमोबेश पुष्टि करने वाले हों। संभव यह भी है कि नितांत नए तथ्यों का उद्घाटन हो। एक अध्ययन प्राचीन है। तब साधन नहीं थे। वैज्ञानिक उपकरण नहीं थे। धरती से परम व्योम तक की जानकारी प्राप्त करने की जिज्ञासा और जिजीविषा थी। ताजा अध्ययन नितांत नवीन और आधुनिक है। इसीलिए जिज्ञासुओं व जानकारों में इस अभियान के परिणामों की अधीर प्रतीक्षा है।

# जो लाते हैं उदास चेहरों पर मुस्कान



लेखक
आर.के. सिन्हा

समाज सेवा में कोई धन तो नहीं मिलता। बल्कि, घर से ही जाता है पर इंसान अपने को भीड़ से अलग तो कर ही लेता है। देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत फिल्में बनाने निमार्ता, निर्देशक और एक्टर मनोज कुमार कभी-कभी सुनाते हैं कि किस तरह जब उनका परिवार देश विभाजन के बाद बुरी स्थिति में दिल्ली आया तो सेंट स्टीफंस अस्पताल के डाक्टरों ने उनके परिवार के बुजुर्ग सदस्यों का पूरे मन से इलाज किया और उन्हें सेहतमंद किया। सेंट स्टीफंस अस्पताल को उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था जिससे गांधीजी के परम सहयोगी दीनबंधु सीएफ एंड्रयूज जुड़े हुए थे। प्रोटेस्टेंट ईसाइयों की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी का लक्ष्य धर्मांतरण कभी नहीं रहा। धर्मांतरण ज्यादातर कैथोलिक मिशनरी करवाते हैं।

मणिपुर से लेकर मेवात तक से हिंसा और अशांति की खबरों के बीच एक उम्मीद अवश्य जागती है कि हमारे यहां किसी कारण से कष्ट में आ गए लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाले फरिश्तों की भी कोई कमी नहीं है। बाढ़, भूकंप या किसी महामारी के समय कुछ फरिश्ते उम्मीद बनकर सामने आ ही जाते हैं। मेवात में दंगा भड़काने वालों के खिलाफ तो कड़ी कार्रवाई करनी ही होगी, पर दंगों की चपेट में आए लोगों के इलाज और भोजन की व्यवस्था करने में राजधानी के शहीद भगत सिंह सेवा दल, दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी समेत कई सामाजिक संस्थानों के वालंटियर सामने आए। उन्होंने दंगा प्रभावित लोगों को भोजन से लेकर दवाइयां तक उपलब्ध करवाईं। याद रखिए, यह जो समाज सेवा का जज्बा है, ये सब में तो नहीं होता। समाज सेवा में कोई धन तो नहीं मिलता। बल्कि, घर से ही जाता है पर इंसान अपने को भीड़ से अलग तो कर ही लेता है। देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत फिल्में बनाने निमार्ता, निर्देशक और एक्टर मनोज कुमार कभी-कभी सुनाते हैं कि किस तरह जब उनका परिवार देश विभाजन के बाद बुरी स्थिति में दिल्ली आया तो सेंट स्टीफंस अस्पताल के डाक्टरों ने उनके परिवार के बुजुर्ग सदस्यों का पूरे मन से इलाज किया और उन्हें सेहतमंद किया। सेंट स्टीफंस अस्पताल को उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था जिससे गांधीजी के परम सहयोगी दीनबंधु सीएफ एंड्यूज जुड़े हुए थे। प्रोटेस्टेंट ईसाइयों की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी का लक्ष्य धर्मांतरण कभी नहीं रहा। धर्मांतरण ज्यादातर कैथोलिक मिशनरी करवाते हैं।




बहरहाल, देश के 1947 में विभाजन के बाद बड़ी संख्या में शरणार्थी दिल्ली आए तो उन्हें हर तरह की मदद दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने दी। अपने परिसर में शरणार्थी हिंदुओं और सिखों को छत दी। हाल ही में दिल्ली में बाढ़ आई तब भी इसके वालंटियर बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन और दवा बांटते रहे।

मैं पिछले दिनों आगरा में गया था। वहां पर रोटरी क्लब के कुछ सदस्यों से मिला। जानकार बहुत संतोष हुआ कि वे आगरा और आसपास के नौजवानों को वोकेशनल ट्रेनिंग दिलवाने के साथ-साथ लड़कियों को साइकिलें भी दे रहे हैं ताकि वे आराम से अपने स्कूलों में आ-जा सकें। इसके अलावा वे रक्तदान शिविर आयोजित करते है। यकीन मानिए कि मुझे रोटरी क्लब के मेंबर्स के बीच में जाकर गर्व होता है। सारे संसार में रोटरी क्लब के सदस्य सोशल सर्विस में बढ़-चढ़कर एक्टिव हैं। ये सिलसिला बीते कई दशकों से चल रहा है। रोटरी क्लब में बिजनेस की दुनिया से संबंध रखने वालों की भरमार है। ये मुख्य रूप से दो तरह के काम कर रहे हैं। पहला, ये नौकरी के अवसर पैदा कर रहे हैं। दूसरा, यह किसी दुखी इंसान के चेहरे में मुस्कान लाने की कोशिश करते हैं। सच में, मैं तो इन्हें ईश्वर का दूत ही मानता हूं। वर्ना आज के दिन कौन किसके आंसू पोंछता है।

मैं बिजनेस और इंडस्ट्री की गतिविधियों को भी फॉलो करता हूं। इसलिए मैं कह सकता हूं कि बिजनेस करना कोई बच्चों का खेल नहीं है। तमाम तरह की अड़चनों को पार करके आप बिजनेस करते हैं और फिर टैक्स देते हैं। यह सब करने के बाद समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का होना बहुत बड़ी बात है। मैं दिल्ली में पृथ्वीराज रोड से गुजरते हुए दो शख्सियतों के घरों को देखकर कुछ पलों के लिए ठहर जाता हूं या मेरी नजरें झुक जाती हैं। मैं बात कर रहा हूं बाबा साहेब आंबेडकर और जेआरडी टाटा के घरों की। ये दोनों महान विभूतियां पृथ्वीराज रोड पर अलग-अलग समय में रहीं। दोनों ने हमारे देश को बेहतर बनाने में अपना ठोस रोल निभाया। जेआरडी टाटा ने टाटा समूह को खड़ा किया। उन्होंने देश में शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र को भरपूर सहयोग किया। जहां तक बाबा साहेब की बात है तो उन्होंने देश को एक शानदार संविधान देने में अहम भूमिका निभाई। सरकार और समाज का दायित्व है कि वो समाज सेवा में लगी संस्थाओं और व्यक्तियों की हर मुमकिन मदद करें। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े ब्रदर जॉर्ज सोलोमन बता रहे थे कि वे आजकल वालंटियर तलाश कर रहे हैं। उन्हें तलाश इस तरह के नौजवानों की है जिनका जीवन का लक्ष्य समाज सेवा ही हो। जो उनके साथ जुड़ेगा, उसे मासिक पगार के अलावा रहने-खाने की सुविधा दी जाएगी। दरअसल समाज सेवा में लगी संस्थाओं को मदद करने वाले तो हमारे यहां बहुत लोग सामने आ जाते हैं। पर अपना जीवन

# सामाजिक समरसता का केंद्र बने संत रविदास मंदिर



लेखक
लोकेन्द्र सिंह

वोटबैंक की राजनीति के चलते अनेक नेता एवं राजनीतिक दल भी हिन्दू समाज में जातीय विद्वेष को बढ़ाने के दोषी हैं। इन परिस्थितियों के बीच शिवराज सरकार ने मध्यप्रदेश के सागर जिले में संत शिरोमणि रविदास महाराज के मंदिर का निर्माण करने का सराहनीय निर्णय लिया गया है। सरकार इस मंदिर को सामाजिक समरसता के केंद्र के तौर पर विकसित करना चाहती है। समरसता मंदिर के निर्माण में संपूर्ण हिन्दू समाज की भागीदारी हो, इसके लिए सरकार के प्रयासों से प्रदेशभर में समरसता यात्राएं निकाली जा रही हैं, जो 12 अगस्त को निर्माण स्थल बड़तूमा पहुँचेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान संत शिरोमणि रविदास की जयंती के सुअवसर पर यहाँ समरसता मंदिर की नींव रखेंगे। यह मंदिर अपने उद्देश्य के अनुसार आकार ले, इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे समरसता यात्राओं में सहभागिता कर लोगों तक संत रविदास के संदेश को पहुँचाने का भगीरथी प्रयास कर रहे हैं। आनंद की बात है कि संत रविदास समरसता यात्रा का रथ जहाँ-जहाँ से गुज़र रहा है, वहाँ के लोग मंदिर निर्माण के लिये अपने क्षेत्र की मिट्टी और नदियों का जल देकर संदेश दे रहे हैं कि निश्चित ही यह स्थान सबको एकसूत्र में जोड़ने में सफल होगा। भारतीय संत परंपरा में संत रविदास का महत्वपूर्ण स्थान है।

भारत को कमजोर करने के लिए जातीय द्वेष बढ़ाने में अनेक ताकतें सक्रिय हैं। उनके निशाने पर विशेषकर हिन्दू समाज है। वहीं, भारतीय समाज को एकसूत्र में बांधने के प्रयास करने वाली संस्थाएं अंगुली पर गिनी जा सकती हैं। चिंताजनक बात यह है कि भारत विरोधी ताकतों के निशाने पर राष्ट्रीयता को मजबूत करनेवाले संगठन भी रहते हैं। ऐन-केन-प्रकारेण उनकी छवि को बिगाड़ने के प्रयास किए जाते हैं। राजनीतिक क्षेत्र में भी कमोबेश यही स्थिति है। वोटबैंक की राजनीति के चलते अनेक नेता एवं राजनीतिक दल भी हिन्दू समाज में जातीय विद्वेष को बढ़ाने के दोषी हैं। इन परिस्थितियों के बीच शिवराज सरकार ने मध्यप्रदेश के सागर जिले में संत शिरोमणि रविदास महाराज के मंदिर का निर्माण करने का सराहनीय निर्णय लिया गया है। सरकार इस मंदिर को सामाजिक समरसता के केंद्र के तौर पर विकसित करना चाहती है। समरसता मंदिर के निर्माण में संपूर्ण हिन्दू समाज की भागीदारी हो, इसके लिए सरकार के प्रयासों से प्रदेशभर में समरसता यात्राएं निकाली जा रही हैं, जो 12 अगस्त को निर्माण स्थल बड़तूमा पहुँचेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान संत शिरोमणि रविदास की जयंती के सुअवसर पर यहाँ समरसता मंदिर की नींव रखेंगे। यह मंदिर अपने उद्देश्य के अनुसार आकार ले, इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे समरसता यात्राओं में सहभागिता कर लोगों तक संत रविदास के संदेश को पहुँचाने का भगीरथी प्रयास कर रहे हैं। आनंद की बात है कि संत रविदास समरसता यात्रा का रथ जहाँ-जहाँ से गुजर रहा है, वहाँ के लोग मंदिर निर्माण के लिये अपने क्षेत्र की मिट्टी और नदियों का जल देकर संदेश दे रहे हैं कि निश्चित ही यह स्थान सबको एकसूत्र में जोड़ने में सफल होगा। भारतीय संत परंपरा में संत रविदास का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने अपने दोहों-पदों और आचरण से समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को दूर करके सामाजिक समरसता पर बल दिया। समाज कैसा होना चाहिए, उनके इस पद में इसके दर्शन मिलते हैं- ह्लऐसा चाहूँ राज मैं, जहाँ मिलै सबन को अन्न, छोट बड़ो सब सम बसै, रैदास रहै प्रसन्न। उन्होंने हमारे सामने ऐसे समाज की संकल्पना रखी, जहाँ किसी भी प्रकार का लोभ, लालच, दुःख, दरिद्रता और भेदभाव नहीं हो। सब प्रसन्नता से रहें। सामाजिक समरसता के जीवनसूत्र देते हुए संत रविदास ने कहा- ह्लरैदास जन्म के कारने होत न कोई नीच, नर कूं नीच कर डारि है, ओछे करम की नीचह्व। अर्थात कोई भी व्यक्ति सिर्फ अपने कर्म से नीच होता है, जो व्यक्ति गलत काम करता है, वह



नीच होता है। कोई भी व्यक्ति जन्म से कभी नीच नहीं होता है। संत रविदास जी के इस दर्शन को हमें आत्मसात करना चाहिए और इसे अपने आचरण में उतार लेना चाहिए। हिन्दू समाज की पहचान भी इसी बात के लिए है कि वह समय के साथ आई बुराइयों को समय के साथ ही छोड़कर आगे बढ़ जाता है। यह सत्य हमें स्मरण रखना चाहिए कि समाज को दिशा देनेवाले महान लोगों ने भेदभाव को उस समय भी स्वीकार नहीं किया, जब यह बुराई चरम पर दिखने लगी थी। हमारे यहाँ जातिगत भेदभव के लिए कभी कोई स्थान नहीं रहा है।

संत शिरोमणि रविदास जी ने ह्यअहम् ब्रह्मास्मिह्न और ह्यतत्वमसिह्न के दर्शन को सामान्य लोगों को समझ आनेवाली भाषा में समझाया। उनकी वाणी का संदेश यही रहा है कि हम सब एक ही हैं। एक ही ईश्वर के भक्त हैं। वे कहते हैं- ह्लप्रभुजी तुम चंदन हम पानी, जाकी अंग-अंग बास समानीह्व। भारत के संत समाज ने हमें अनेक प्रकार से यह समझाने का प्रयास किया है कि हम सब एक ही ब्रह्म के अंश हैं। इसके बाद भी समाज में कुछ लोगों को यह बात समझ नहीं आती। विडम्बना यह है कि वे पढ़ते और पढ़ाते तो यही हैं, उपदेश भी इसी प्रकार के देते हैं लेकिन उनके आचरण से यह भाव नदारद है। कहने का अर्थ यही है कि अपने भीतर झांकने की आवश्यकता है। इसी बात को संत रविदास ने बहुत ही सुंदर, सरल लेकिन प्रभावी ढंग से कहा है- ह्लमन चंगा तो कठौती में गंगाह्व। यानी हमारा मन पवित्र होगा तभी हम सब लोगों में एक ही ब्रह्म के दर्शन कर पाएंगे

संत रविदास का यह दर्शन सागर में बन रहे समरसता मंदिर से चहुँ दिशा में फैले, इसको भी सुनिश्चित करने का प्रयास शिवराज सरकार कर रही है। मंदिर को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की क्या संकल्पना है, इसे समझने के लिए उनके वक्तव्य को देखना चाहिए। मुख्यमंत्री कहते हैं कि संत शिरोमणि रविदास सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे। भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों विशेषकर ह्यसियाराम मैं सब जग जानीह्न के भाव को मानकर संत रविदास ने न केवल भक्ति अपितु सेवा का भी एक नया इतिहास रचा। उन्होंने सामाजिक सद्भाव, समरसता और समानता का मंत्र दिया। वे परोपकारी, दयालु और मृदुभाषी थे। संत रविदास जी का भव्य मंदिर और स्मारक समाज को शांति, सद्भाव और समरसता का संदेश देगा। अर्थात यह मंदिर किसी को संतुष्ट करने या कर्मकाण्ड के लिए नहीं बनाया जा रहा है। बल्कि मंदिर निर्माण के पीछे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी सरकार की वृहद एवं पवित्र संकल्पना है। हम उम्मीद करेंगे की यह शुभ संकल्प अपने वास्तविक रूप में साकार हो। समरसता यात्राओं में लोगों की सहभागिता इस विश्वास को और पक्का करती है कि संत रविदास मंदिर सामाजिक समरसता का केंद्र बनेगा।

# एबिलिम्पिक के लिए पंजीयन केम्प का आयोजन जबलपुर मध्य प्रदेश के समन्वय सेवा केंद्र के तत्वावधान मे



**खजुराहो** /मध्य प्रदेश शासन में परमश्रध्येय कैबिनेट मंत्री महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंदगिरीजी महाराज ने दीप प्रज्जवलित कर किया व उन्होंने दिव्यांग जनो के हित में कहा कि दिव्यांग जनो की सेवा ईश्वर की सच्ची सेवा है हर व्यक्ति को इनकी सेवा का संकल्प लेना चाहिए तथा मंच संचालन हैंडीहोप दिव्यांगजन कल्याण संघ के राष्ट्रीय संयोजक माननीय श्री रजनीश अग्रवाल ने करते हुए कहा कि दिव्यांगजन किसी भी तरह से अपने आपको कम न आके व उपस्थित दिव्यांग जनो से उनकी स्किल डेवलॅपमेंट के सम्बन्ध में विचार व्यक्त किये व उपस्थित जनो का मार्गदर्शन किया , पंजीयन उपरांत प्रतिभान 17 छात्राओं व हैंडीहोप दिव्यांगजन कल्याण संघ से प्रतिभा के धनी दिव्यांगो को सम्मानित किया गया जिनमे प्रमुख है गंजबासोदा विदिशा से ओमप्रकाश शर्मा (बहुदिव्यांग), छतरपुर से श्रीमती अर्चना गुप्ता (दिव्यांग ), गुना से राजेश शर्मा (दिव्यांग ) ने सम्मान पत्र प्राप्त किये है

उपश्थित जनो में एबिलिम्पिक के माननीय श्री रजत मोहन जी दिल्ली से ,रोटरी क्लब जबलपुर साउथ के प्रेसिडेंट माननीय अध्यक्ष श्री रवि वैश्य जी, एवं ग्वालियर के हैंडी होप दिव्यांजन कल्याण संघ संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री दीपक द्विवेदी जी व जबलपुर के राष्ट्रीय संयोजक माननीय श्री रजनीश अग्रवाल , वरिष्ठ समाजसेवी एवं अग्रणी उद्यमी डॉक्टर कैलाश गुप्ता जी व ललितपुर के माननीय श्री आत्माराम रिछारिया जी संस्थापक (हैंडीहोप दिव्यांजन कल्याण संघ) ललितपुर उत्तर प्रदेश, गरिमामयी उपस्थिति व उदबोधन से समस्त जनमानस का उत्साहवर्धन किया गया।

## नहीं थम रहा बैड़री गांव में सुसाइड का तांडव, फांसी के फंदे पर झूलता मिला नाबालिक छात्र

**राम सिंह यादव टीकमगढ़,** पलेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बैड़री गांव में मासूमों की मौत का रहस्य गहराता जा रहा है। अज्ञात कारणों के चलते मंगलवार के दिन 15 वर्षीय बालक राजीव कुशवाहा पुत्र बबलू कुशवाहा ने अपने ही घर में फांसी लगाकर घटना को अंजाम दे डाला। बताया गया है कि यह वारदात उस समय घटित हुई जब 15 वर्षीय बालक के परिजन खेत पर गए हुए थे। बताया गया है कि बैड़री गांव में आत्महत्या किए जाने का यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी कई घटनाएं आत्महत्या के रूप में सामने आ चुकी है। लगातार नाबालिक बढ़ते अपराधों को लेकर ग्रामीण जनता ने चिंता जाहिर की है। ऐसे में शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे अभियानों का कोई असर इस गांव में नहीं दिख रहा है। नाबालिक बच्चों को लेकर अब गांव के अभिभावकों में दहशत देखी जा रही है। बीते मंगलवार को सामने आई वारदात के बाद पुलिस अब अपनी कार्यवाही में जुट गई है।

**बढ़ रहे आत्महत्या मामलों को लेकर नागरिकों ने उठाए सवाल**

# मेरी माटी मेरा देश का अभियान रामनगर गांव में किया गया वृक्षारोपण



**राम सिंह यादव टीकमगढ़, पलेरा**

जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली 71 ग्राम पंचायत में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत बुधवार को ग्राम पंचायतों में अमृत महोत्सव के रूप में वृक्षारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान जनपद कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों की नजर ग्राम पंचायत पर बनी रही। बताया गया है कि सर्वप्रथम ग्राम पंचायत में प्रभात फेरी निकाली गई। इसके साथी सरपंचों के द्वारा कन्याओं का पूजन भी किया गया। ग्राम पंचायत रामनगर बुजुर्ग में सरपंच महेश यादव के द्वारा आयोजित कार्यक्रम को विशेष रूप से संपन्न कराया गया। सरपंच महेश यादव स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान पर प्रकाश डाला। प्रभात फेरी एवं कन्या पूजन के उपरांत ध्वजारोहण किया गया। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा एक-एक पौधा लगाया गया। बच्चों द्वारा पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ जागरूकता रैली निकाली गई एवं पंडन की झिरिया में विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस मौके पर सचिव दिनेश सिंह एवं सहायक सचिव दिनेश यादव समेत ग्रामीणजन मौके पर उपस्थित रहे।

## मणिपुर और सीधी घटना का विरोध किया, सौंपा ज्ञापन

नगर में 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस का साप्ताहिक कार्यक्रम गुरुवार हाट बाजार के दिन किया गया। आदिवासी समुदाय के सैकड़ों लोगों ने हाथ में पोस्टर, तख्तियां व बैनर लेकर रैली निकाली। इसमें आदिवासी पर हुए अत्याचारों के विरोध में जमकर नारे लगाए गए। समाजजनों ने बोकराटा रोड स्थित पेट्रोल पंप के सामने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर पारंपरिक तरीके से पूजन कर रैली निकाली। इसमें युवा व अन्य लोगों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। रैली गंधावल रोड स्थित जनपद पंचायत परिसर पहुंची। रैली में मणिपुर व सीधी में आदिवासियों पर हुए अत्याचार का विरोध किया। तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

# मैं हूं अभिमन्यु अभियान:सेमिनार के तहत विद्यार्थियों को दी जानकारी, नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

फतवा समाचार ◈ धार

महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने और आम लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले में मैं हूं अभिमन्यु अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया।\

शहर के त्रिमूर्ति चौराहे पर स्थित निजी एकेडमी पर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के बीच जाकर महिला सुरक्षा को लेकर बनाए कानूनों की सार्थकता विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सचिव व जिला न्यायाधीश उमेश कुमार सोनी, डीएसपी अजाक नीलेश्वरी डावर सहित एकेडमी का स्टॉफ मौजूद रहा। महिला संबंधी अपराध उनके कानूनी प्रावधान समाज में महिलाओं को समानता, सुरक्षा एवं संवेदनशीलता का भाव रखते हुए महिला अपराधों की रोकथाम के लिए अपील सेमिनार में की गई। डीएसपी डावर ने विधार्थियों को मैं हूं अभिमन्यु अभियान के अंतर्गत नशा दहेज रूढ़ीवादिता, अश्लीलता, संवेदनशीलता, भ्रूण हत्या, अशिक्षा, लिंग भेद जैसे विषयों की समझाइश दी। साथ ही अपने घर सहित परिवार में संवाद कर महिला संबंधी अपराध की रोकथाम हेतु जागरूकता फैलाने एवं महिलाओं व बालिकाओं के प्रति सम्मान का भाव रखने के साथ ही उनकी मदद के लिए प्रेरित किया। डीएसपी डावर ने कहा कि आज हमे एक अभिमन्यु की तरह बनकर दिखाना होगा, ताकि समाज में एक अच्छा मैसेज जाए। लड़कियों और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील होकर अभिमन्यु की तरह अश्लीलता के चक्रव्यूह को तोड़ना होगा, जो शिक्षा के शस्त्र से ही संभव होगा।




### विकास की नींव भी खतरे में

दरअसल जिले में एसपी मनोज कुमार सिंह के निर्देशन व एडिशनल एसपी डॉ इंद्रजीत बाकलवार के मार्गदर्शन में कई गतिविधियां द्वितीय अभियान के तहत थाना स्तर पर आयोजित की जा रही है। अभियान से आम जनता को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। डीएसपी डावर के अनुसार नशा मुक्ति से ही समाज का विकास संभव हैं। समाज में सामाजिक विकृति का आज एक प्रमुख कारण नशा सेवन है, जिससे दूर रहना हैं। हमारा समाज सभ्य समाज तभी कहलाएगा जब तक समाज नशा मुक्त नहीं होते है। नशा सेवन से स्वास्थ्य की खराबी, मृत्यु हो जाना, घर परिवार बिखर जाना, बच्चों का विकास की नींव भी खतरे में पड़ जाता है। नशा मुक्ति के लिए सबसे बड़ा हथियार लोगों में इसके प्रति जागरुक होना है, ताकि इसे पूरी तरह से समाप्त किया जा सकें। जिसको लेकर ही अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

## भारतीय किसान संघ ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा:नहरों में पानी छुड़वाए जाने की मांग की



फतवा समाचार ◈ बड़वानी


भारतीय किसान संघ द्वारा गुरुवार को अपर कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए बड़वानी जिले की नहरों में पानी छुड़वाने की मांग की गई। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष मंसाराम पंचोले ने बताया कि बड़वानी जिले में अल्प वर्षा से हमारी फसलें मक्का, कपास, सोयाबीन, मिर्ची इत्यादि एवं कई प्रकार की बैल वाली फसलों पर फूल एवं भुट्टे आने वाले हैं। जिसमें एक महा से रिमझिम बारिश हुई है। जिसके कारण पूरे जिले की फसलें मुरझा रही है ' समय पर पानी नहीं मिला तो किसानों की जो लागत लगी है वह भी नहीं निकल पाएगी। जिसे देखते हुए बड़वानी जिले की जीवन दायिनी योजना लोवर गोई (भीमा नायक) एवं इंदिरा सागर की मुख्य नहर में पानी छोड़ा जाए तो किसान अपनी फसलों को बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि लोवर गोई (भीमा नायक)परियोजना का डेम भरा हुआ था उसे लोवर गोई विभाग के अधिकारियों द्वारा उनकी मनमानी से बारिश से भरा हुआ पानी एवं पूर्व में भी पानी बचा हुआ था उसे डेम के मुख्य गेट खोल कर बेमतलब बहा दिया गया है। जिसके भरोसे किसानों ने 15000 हेक्टेयर में 45 गांव के किसानों द्वारा फसल बोई गई थी और विभाग द्वारा पूरे डेम को खाली कर दिया गया है। भारतीय किसान संघ द्वारा विभाग में जाकर सूचना प्राप्त की गई तो अधिकारियों द्वारा यह बताया गया कि कलेक्टर के आदेश से खाली करवाया गया है।

# फसलों के अनुकूल बरसात से फसलों में हो रही ग्रोथ

फतवा समाचार ◈ धार

मौसम कुछ खुला तो अब लहलहाती फसलों पर कहीं-कहीं कीटों ने हमला बोल दिया है तो कहीं फसलों में ग्रोथ बनी हुई है। कई जगह बीमारियों का कुछ असर सोयाबीन व मक्का की फसल पर नजर आने लगा है। हालांकि किसान व कृषि विभाग के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि बीते सालों की तुलना में इस बार फसलें सबसे अच्छी स्थिति में हैं। कहीं भी आर्थिक क्षति स्तर का कीट प्रकोप नहीं है। पिछले कुछ समय से लगातार बारिश हो रही थी। अब मौसम कुछ खुला तो उमस व आद्रता बढ़ गई, जिससे कीट प्रकोप के लिए अनुकूल स्थितियां निर्मित हो चुकी है। कुछ जगह सोयाबीन पर सेमीलूपर और गर्डल बीटल ने हमला बोला है तो मक्का की फसल को स्टेम बोरर चट कर रहा है। बता दें कि बारिश के बाद फसलों को ग्रोथ मिली है। पिछले दिनों से जारी बरसात से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। फसलें भी लहलहा उठी है। किसानों का कहना है कि अब फसलों में तेजी से ग्रोथ होने लगी है इससे खरीफ की सभी फसलों को फायदा मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के नदी, नालों का जलस्तर बढ़ा है। तालाब खाली है जिन्हें झमाझम बारिश का इंतजार है। दिन-रात हो रही बारिश से फसलों को फायदा है। मौसम विभाग के कृषि विभाग के अनुसार वर्तमान में फसल जोरदार है। वहीं पिछले दिनों से तीन-चार रोज हुई बारिश ने फसलों में जान ला दी है किसान कीटनाशक को स्प्रे कर चुके है। इस बार अगस्त की बात की जाए तो 10 दिन बिना बारिश के निकलने के कारण फसल तो ठीक है मगर आने वाले दिनों में बारिश की जरूरत है बारिश की कामना को लेकर लोग तरह तरह के जतन भी करने लगे हैं।

## लहलहाने लगी फसल, सोयाबीन में कीटों का प्रभाव भी कम



### अभी फसल स्वस्थ है किसी तरह की बड़ी बीमारी नहीं देख

धार के उपसंचालक ज्ञानसिंह मोहनिया ने किसानों से अपील की है कि अब सोयाबीन की फसल में खरपतवार नाशक का उपयोग ना करे मजदूरी से खरपतवार निकालने का काम करें। इस समय फसलों में तेजी से ग्रोथ देखी जा रही है। बीमारियों का प्रकोप नहीं है।

### नहीं है बीमारी

धार के कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख डॉ. जे एस गठिया बारिश होने से पौधों को पानी के साथ नाइट्रोजन मिला है जिसे पौधों को पोषक तत्व की पूर्ति होती है जिसे पौधा स्वस्थ दिखता है। फसलें अभी अच्छी है अब कीटों का प्रकोप भी नहीं है।



# विश्व आदिवासी दिवस: आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा का गिरता स्तर चिंता का विषय

फतवा समाचार ◈ बरला (बड़वानी)

आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा का गिरता स्तर चिंता का विषय है। हमें फैशन और व्यसन से दूर रहकर शिक्षा की और विशेष ध्यान देने की जरूरत है। आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य पर बलवाड़ी के कृषि उपज मंडी परिसर में गुरुवार को हुए कार्यक्रम में ये बात जयस के संस्थापक सदस्य विक्रम अछालिया ने कही। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा हमें समाज की सेवा करना है। आदिवासी रीति-रिवाज के साथ जीवन को यापन करना है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा प्रदेश सरकार ने पटवारी परीक्षा में बड़ा भ्रष्टाचार किया है। परीक्षा में शामिल लोगों के साथ अन्याय किया गया है। इसकी निष्पक्ष जांच होना चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाना चाहिए। उन्होंने आदिवासी बोली में आदिवासी समाजजनों को शपथ दिलाई। जिसका मुख्य उद्देश्य आदिवासी संस्कृति को जीवित रखना है। इस मौके पर जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा ने कहा आदिवासियों के ऊपर दमनकारी नीति अपनाई जा रही है। मणिपुर की घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त कर कहा सरकार आखिर कब तक नींद में रहेगी। कार्यक्रम में सेंधवा विधायक ग्यारसी लाल रावत व जयस जिलाध्यक्ष मोंटू सोलंकी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जयस मध्यप्रदेश प्रभारी संगीता चौहान, जयस इंदौर जिला अध्यक्ष पवन डावर, सेंधवा तहसील वरला तहसील के ग्राम पटेल, सरपंच, पुजारा, डाहला सहित महिला-पुरुष मौजूद रहे। सभा के पहले दोपहर 12 बजे रैली निकाली गई। जो वरला रोड से महात्मा गांधी मार्ग, बाबा रामदेव मंदिर, बालवाड़ी बस स्टैंड से सभा स्थल कृषि उपज मंडी परिसर पहुंची। कार्यक्रम में आदिवासी समाजजन परंपरागत वेशभूषा में शामिल हुए।

# जबलपुर से भाजपा नेत्री की गुमशुदगी केस:लाखों रुपए का सोना पहनकर हुई थी रवाना...



## भाजपा ने की सीआईडी जांच की मांग, तीन मोबाइल और 10 सिम रखती थी सना

फतवा समाचार ◈ जबलपुर

नागपुर के मानकापुर थाने के अवस्थी नगर में रहने वाली भाजपा नेत्री सना खान का आज तक कुछ पता नही चला है। सना खान 2 अगस्त को जबलपुर आई थी और तभी से वह लापता है। जबलपुर आने के बाद भाजपा नेत्री अमित साहू जिससे कि उसने चार माह पहले शादी की थी, उसके साथ ही थी। परिजनों का आरोप है कि सना की अमित ने हत्या कर दी है, पर पुलिस का मानना है कि जब तक सना की बॉडी नही मिल जाती तब तक कुछ नही कहा जा सकता है। सना के गायब होने पर अब अल्पसंख्यक मोर्चा महाराष्ट्र ने उक्त जांच की मांग की है। मोर्चा में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। सना ने करीब चार माह पहले अमित उर्फ पप्पू साहू से कोर्ट मैरिज की थी। बताया जा रहा है कि सना में शादी में गिफ्ट स्वरूप एक सोने की चेन अमित को दी थी। पिछले कुछ दिनों से जब भी सना अमित को वीडियो कॉल करती तो उसके गले में वह चेन नही दिखाई देती। इसको लेकर भी कई मर्तबा फोन पर दोनों की बहस भी हुई थी। सना में करीब डेढ़ से दो लाख रुपए की चेन खरीदकर अमित को दी थी। बताया यह भी जा रहा है कि सना खान को गोल्ड पहनने का भी बहुत शौक था। हमेश उसके गले में हाथों में चार से पांच लाख रुपए के जेवरात रहते थे। 2 अगस्त को जब सना जबलपुर आई थी, तब भी वह गोल्ड पहने हुए थी। जानकारी के मुताबिक सना ने जो सोने की चेन अमित को दी थी, वह जुलाई माह से उसके गले से गायब है, सना जब कभी पूछती तो अमित बात टाल जाता। सना को शक था कि अमित ने चेन बेच दी है। जानकारी के मुताबिक भाजपा नेत्री सना खान के पास तीन मोबाइल थी, इसके अलावा उसके पास 8 से 10 अलग-अलग सिम भी थी। इस सिम से वह किस से और क्या बात करती थी, यह भी पुलिस की जांच का विषय है। सना के साथ-साथ वह तीनों मोबाइल और सिम भी गायब है। मोबाइल मिलने के बाद पता चलेगा कि सना किस-किस से बात किया करती थी। महाराष्ट्र पुलिस और जबलपुर पुलिस लगातार सना और अमित को तलाश कर रहें है, लेकिन 2 अगस्त से ही सना और अमित के मोबाइल बंद है। अमित की कार भी अभी तक पुलिस को नही मिली है। पुलिस ने दमोह, बरगी, सिहोरा, बरेला हाईवे टोल में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल चुकी है, पर सफलता नही मिली। खबर यह भी है कि अमित साहू ने पहली शादी एक महिला पुलिसकर्मी से की थी, लेकिन अमित के अवैध कामों से परेशान होकर वह अलग हो गई। दोनों के बीच अक्सर विवाद भी हुआ करता था। 2021में लॉकडाउन के समय अमित साहू महाराष्ट्र से महंगी-महंगी शराब लाकर बेलखाडू स्थित ढाबे से बेचा करता था, जो कि उसे पसंद नही था।

# 1680 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 43 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त

- अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण पर की गई कार्रवाही
- आबकारी अधिनियम के तहत 6 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध

कमलेन्द्र पटेल ◈ कटनी



कटनी में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण की रोकथाम हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन मे चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी कटनी के मार्गदर्शन में मंगलवार को आबकारी वृत्त विजयराघवगढ़ के शांतिनगर, बरेहटा, खिरवा, पथरहटा, में श्री अभिषेक सिंह बघेल, आबकारी उपनिरीक्षक के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आबकारी की टीम बी द्वारा की गई कार्यवाही में कुल 1680 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 43 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा की जप्ती की गई तथा 6 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 90 हजार 500 रुपए है। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री मोना दुबे, केशव प्रसाद उईके, आबकारी आरक्षक, शिवमूरत नामदेव, देवेन्द्र प्यासी, राजेश गौटिया, चन्द्र प्रकास त्रिपाठी, श्रीमती वीणा ब्रम्हवंशी सम्मिलित रहे। आबकारी अधिकारी नें बताया कि इस प्रकार की कार्यवाही जिले में लगातार जारी रहेगी।

## भोपाल गैस त्रासदी:केंद्र सरकार ने हाई कोर्ट में कहा-

# कचरे को नष्ट करने के लिए 129 करोड़ रुपए देंगे

फतवा समाचार ◈ जबलपुर



करीब 39 वर्ष पूर्व हुई भोपाल गैस त्रासदी के बाद से ही यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में करीब 350 मीट्रिक टन कचरा पड़ा है। अब इस मामले में केंद्र सरकार की ओर से हाई कोर्ट में कहा गया है कि उक्त कचरे को नष्ट करने के लिए 129 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे। मामला वित्त विभाग के पास लंबित है।

जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की खंडपीठ ने केंद्र सरकार को कहा कि इस संबंध में जो भी प्रगति होती है, उसे विधिवत हलफनामे के साथ पेश करें। मामले पर अगली सुनवाई 27 सितंबर को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता खालिद नूर फखरुद्दीन ने कहा कि याचिका 19 वर्ष से लंबित है। दोनों सरकारें इस मामले में हीलाहवाली कर रही हैं। उन्होंने मांग की है कि कचरे के प्रबंधन में होने वाले खर्च का पूरा हजार्ना आरोपी कंपनी से ही वसूला जाना चाहिए। भोपाल के आलोक प्रताप सिंह ने वर्ष 2004 में जनहित याचिका दायर की थी। पिछले वर्ष उनकी मृत्यु के बाद हाई कोर्ट मामले की सुनवाई स्वतः संज्ञान के रूप में कर रहा है।

# शहादत दिवस पर हल्कू राम परते को किया याद

## 1991 में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवान सीआरपीएफ के अफसरों ने दी श्रद्धांजलि





फतवा समाचार ◈ मंडला

आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे ₹मेरी माटी मेरा देश₹ के तहत ग्राम कूड़ादेवरी में शहादत दिवस पर गुरुवार को कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान कूड़ादेवरी के सीआरपीएफ सिपाही हल्कू राम परते की शहादत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सीआरपीएफ 148वीं वाहनी कमांडेंट विक्रांत सारंगपाणि के मार्गदर्शन एवं नेहरू युवा केन्द्र के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन शहीद सिपाही के गृह ग्राम कूड़ादेवरी पंचायत इमलीगोहान में किया गया। हल्कू राम परते 1989 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए। पंजाब प्रांत में तैनाती के दौरान 8 अगस्त 1991 को आतंकवादियों से लड़ते हुए वे वीरगति को प्राप्त हो गए थे। शहादत दिवस कार्यक्रम में ध्वजारोहण, शहीद को ॡसैनिक सम्मानॡ उपस्थित अतिथियों ने श्रद्धांजलि, वृक्षारोपण आदि किया गया। सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी अमित मिश्रा व उप कमाण्डेंट अरुण कुमार सिंह की अगुवाई में शहादत दिवस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक देव सिंह सैयाम, कलेक्टर डॉ सलोनी सिडाना सहित सीआरपीएफ जवान, नेहरू युवा केन्द्र के प्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# कान्हा के बफर जोन में टाइगर्स की अटखेलियां

## विदेशी पर्यटकों ने कैमरे में कैद किया नजारा सिंगापुर से आई पर्यटक ने बताया अनुभव

फतवा समाचार ◈ मंडला





बारिश के मौसम में जब कान्हा टाइगर रिजर्व के कोर जोन को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है, तब पार्क का बफर जोन पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां आने वाले पर्यटकों को बाघ सहित अन्य वन्यप्राणियों के दीदार हो रहे हैं। पहले बारिश के मौसम में पार्क क्षेत्र सूने हो जाते थे। लेकिन अब बफर जोन पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

कान्हा पहुंची सिंगापुर की पर्यटक अन्ना मारिया मार्शल पहली बार भारत आई है। इस दौरान उन्होंने कान्हा टाइगर रिजर्व के बफर जोन का भ्रमण किया। बटवार तिराहे पर उन्होंने मगरनाला फीमेल को अपने कैमरे में कैद किया। इस दौरान बाघिन और शावक अठखेलिया करते नजर आए। कान्हा टाइगर रिजर्व की खूबसूरती से रोमांचित अन्ना मार्शल ने कहा कि वह पहली बार भारत आई हैं। कान्हा टाइगर रिजर्व के बफर जोन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने काफी सारे फोटो और वीडियो अपने कैमरे में कैद किए।

यह पहला अवसर था जब उन्होंने लाइव टाइगर अपनी आंखों से देखा। कान्हा भ्रमण के दौरान उन्होंने बायसन, हिरण सहित अन्य वन्यजीवों को भी देखा। वह कान्हा की खूबसूरती और वन्य प्राणियों को देख मंत्रमुग्ध हो गई। कान्हा बफर जोन में बढ़ता पर्यटन कान्हा की पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी अच्छी खबर है। इसकी वजह से पार्क में पर्यटकों को आवक बनी हुई है। जिससे स्थानीय होटल, रिसोर्ट, जिप्सी संचालक, गाइड आदि को बारिश के मौसम में भी रोजगार मिल रहा है। दरअसल सरकार की गाइड लाइन के अनुसार 1 जुलाई से 30 सितंबर तक पार्क के कोर जोन में पर्यटन बंद रहते हैं। इस दौरान सिर्फ बफर जोन में ही सफारी की जा सकती है।

# स्वास्थ्य सुविधाओं की कलेक्टर ने टटोली नब्ज



## कलेक्टर ने विकासखण्ड बड़वारा के उप स्वास्थ्य केंद्र मादावर का किया निरीक्षण

फतवा समाचार ◈ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा शुक्रवार को विकासखण्ड बड़वारा के उप स्वास्थ्य केंद्र एवं हेल्थ एवं पेलनेस सेंटर भादावर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ ए.एन.एम. तृप्ति द्विवेदी एवं सीएमओ मनीषा रावत, काशीबाई आशा द्वारा केन्द्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा हाई रिस्क महिलाओं की जानकारी चाहे जाने पर ए.एन.एम. द्वारा महिलाओं को ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिये जिला चिकित्सालय रेफर किया जानें की जानकारी दी गई इसके साथ ही गर्भवती माता सीमा विश्वकर्मा शकुन बाई नौ माह कल्पना सिंह आठ माह देववती यादव चार माह की गर्भावस्था में मातृ वंदना योजना की राशि का भुगतान नही होने पर रिपोर्ट प्रस्तुत करनें तथा गर्भवती महिलाओं की चारों जांचें एवं नियमित टीकाकरण करने पर ए.एन.एम. सी. एच.ओ. एवं आशा कार्यकर्ता की सराहना की गई। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा ग्राम आरोग्य केंद्र अमराडांड का निरीक्षण कर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण की जानकारी लिये जाने पर कार्य संतोषजनक पाया गया। निरीक्षण के दौरान जिला टीकारण अधिकारी डॉ राजेश केवट, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल झामनानी एवं जिला मीडिया प्रभारी श्रीमती अनीता उसराठे के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्टॉफ उपस्थित रहा।

### कलेक्टर श्री प्रसाद ने शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम का किया निरीक्षण

विकासखण्ड बड़वारा के अनुसूचित जनजाति बाल आश्रम में शक्रवार को पहुंचे कलेक्टर अवि प्रसाद ने छात्रों एवं शिक्षकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होनें छात्रों से शिक्षा के संबंध में चर्चा की तथा छात्रावास का निरीक्षण किया। छात्रों द्वारा कलेक्टर श्री प्रसाद का स्वागत किया जाकर उनके साथ सामूहिक फोटो खिचवाई।

# रीवा में सिंचाई सुविधा बढ़ने से कृषि में हुआ है अभूतपूर्व विकास : कलेक्टर

फतवा समाचार ◈ रीवा

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने पत्रकारों के साथ बैठक में जिले के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संवाद किया। कलेक्टर ने कहा कि रीवा जिले में तेजी से विकास हो रहा है। जिले में सिंचाई सुविधा बढ़ने से खेती में पिछले 10 वर्षों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। नईगढ़ी माइक्रो सिंचाई परियोजना का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इससे अक्टूबर माह में लगभग 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिल जाएगी। आगामी दो-तीन वर्षों में जिले के त्योंथर, नवगठित जिले मऊगंज तथा हनुमना क्षेत्र में भी सिंचाई की सुविधा होगी। जिले में खाद्यान्न उत्पादन बढ़ने के साथ खेती पर आधारित लघु उद्योगों का तेजी से विकास हो रहा है। राइस मिलों की स्थापना के लिए लगातार आवेदन मिल रहे हैं। कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों के विकास की कार्य योजना बनाई गई है। फलों तथा मसालों के उत्पादन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि जिले के औद्योगिक विकास में लघु उद्योगों की बड़ी भूमिका है। प्रयागराज मार्ग में घूमा कटरा में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। हनुमना के पास भी औद्योगिक केन्द्र के निर्माण के लिए 150 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। इनमें रीवा के उद्यमी तथा सीमावर्ती उत्तरप्रदेश राज्य के उद्यमी अपने उद्यम स्थापित करेंगे। बैठक में कलेक्टर ने 10 अगस्त को रीवा में आयोजित हो रहे मुख्यमंत्री जी के जनदर्शन कार्यक्रम तथा लाड़ली बहना के राज्य स्तरीय समारोह की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि 10 अगस्त को मुख्यमंत्री जी का जनदर्शन कार्यक्रम विवेकानंद पार्क कालेज चौराहे से आरंभ होगा। इसका समापन अस्पताल चौराहे में होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री जी मेडिकल कालेज परिसर में निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री जी एसएएफ मैदान में आयोजित समारोह में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश भर की लाड़ली बहनों के खाते में राशि जारी करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि जिले में चार लाख से अधिक महिलाएँ लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित की गई हैं। अभी 21 से 23 साल की पात्र महिलाओं का इस योजना में पंजीयन किया जा रहा है। इसके साथ-साथ सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में लाड़ली बहना सेना का गठन किया गया है। लाड़ली बहना सेना महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। बेटियों को शिक्षित करने में सहयोग तथा महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने में भी लाड़ली बहना सहयोग करेंगी।

## लाड़ली बहना सेना महिलाओं के सशक्तिकरण में निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका : कलेक्टर



जिले में शिक्षा व्यवस्था में सुधार के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि यदि शिक्षक और विद्यार्थी समय पर स्कूल पहुंच जाएं तथा नियमित कक्षाएं संचालित होने लगें तो शिक्षा में तेजी से सुधार होगा। इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मध्यान्ह भोजन योजना की कठिनाईयों तथा कमियों को दूर करने का प्रयास भी किया जा रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में लगातार सुधार हो रहा है। खाद्यान्न वितरण में हेरा-फेरी करने वाले उचित मूल्य दुकान के 24 सेल्समैनों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। लोक निर्माण विभाग, हाउसिंग बोर्ड तथा अन्य निर्माण विभागों द्वारा कई बड़े निर्माण कार्य जिले में किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने मतदाता सूची के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। जिले के कई मतदान केन्द्रों में महिला मतदाताओं का प्रतिशत कम है। सभी पात्र महिलाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के प्रयासों में मीडिया अपनी भूमिका निभाए। कलेक्टर ने पत्रकारों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर उठाए गए प्रश्नों के उत्तर दिए तथा जिले के विकास के संबंध में पत्रकारों के सुझावों का स्वागत किया। बैठक में मिशन इन्द्रधनुष के तहत टीकाकरण अभियान, जिला परिवहन कार्यालय की अव्यवस्था, युवा वर्ग में नशे की विशेषकर कोरेक्स के लत के कारण समाज पर पड़ रहे दुष्प्रभाव, आवारा पशुओं के प्रबंधन, गौशालाओं के निर्माण एवं संचालन, नगर निगम में मास्टर प्लान के अनुसार निर्माण कार्य कराने तथा बसामन मामा गौ अभ्यारण्य के संबंध में चर्चा की गई।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने की 168 आवेदन पत्रों पर जन सुनवाई

**सिंगरौली**। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर श्री अरूण परमार के द्वारा 168 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई की गई। विदित हो कि कलेक्टर सभागार में आयोजित जन सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलो से आये 168 व्यक्तियो द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराते हुये जन सुनवाई कर रहे कलेक्टर को अपना आवेदन दिया गया। जिस पर कलेक्टर द्वारा कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो के द्वारा त्वारित निराकरण कराया गया। तथा शेष आवेदन पत्रो को विभागीय अधिकारियो को आरे भेजते हुये निर्देश दिया गया कि निर्धारित समय सीमा में आवेदनो को निराकृत कर आवेदनकर्ता को अवगत कराये। जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियो को निर्देश देते हुये कलेक्टर ने कहा कि जन सुनवाई में आने वाले आवेदनो पत्रो का निराकरण पूरी गंभीरता से करे। शासन की योजनाओ बंचित आवेदनकर्ताओ को उनकी पात्रता अनुसार योजनाओ के लाभ से लभान्वित कराये। आज की जन सुनवाई मे सर्वाधिक आवेदन जिले में कार्यरत औद्योगिक कम्पनियो में रोजगार दिलाने, भूमियो का उचित प्रतिकर दिलाये जाने के साथ ही अधिक आई विद्युत बिलो में सुधार कराने, पात्रता पर्ची में नाम जोड़ने से संबंधित प्राप्त हुये जन सुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर अरविंद झा, एसडीएम राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर माईकल तिर्की सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 150 आवेदन प्राप्त

**रीवा**। सहायक कलेक्टर सोनाली देव की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में 150 आवेदन पत्र हुये। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला ने भी जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया। जनसुनवाई में मुख्य रूप से सीमांकन कराने, अतिक्रमण हटाने, रास्ता खुलवाने, विद्युत देयक में सुधार कराने के आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई में संतोष गौतम ने आवेदन दिया कि उनकी ग्राम गौरा में मकान निर्मित है। उसी भूमि के पश्चिमी दिशा में शिवकुमार गौतम ने बेर के 20 पेड़ लगा रखे है। इन बेर के पेड़ों से जहां मकान का नुकसान हो रहा है वहीं खाली भूमि में कोई फसल पैदा नहीं होती न ही कृषि भूमि की जुताई कर पाते। जब भी पेड़ों को काटने की कोशिश करता हूं तो पेड़ नहीं काटने देते जिससे प्रार्थी अपने स्वामित्व की आराजी में कृषि फसल बोने से वंचित हो जाता है। प्रार्थी को प्रति वर्ष 50 हजार का नुकसान हो रहा है। सहायक कलेक्टर ने सेमरिया के तहसीलदार को प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिये। काजल गौतम ने आवेदन दिया कि उनकी समग्र आईडी में सिरमौर के ग्राम कपसा के रोजगार सहायक संदीप तिवारी ने पिता का आधार कार्ड व पिता की फोटो जानबूझकर फीड कर दिया। जब रोजगार सहायक से आधार कार्ड व फोटो में सुधार की बात की तो रोजगार सहायक द्वारा रिश्वत की मांग की गयी। आवेदन का निराकरण करने के लिये जनपद के सीईओ को निराकरण करने के निर्देश दिये। उपरहटी वार्ड नंबर 37 प्रधान टोला के राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने सीमांकन कराने का आवेदन दिया। जिवला ग्राम के संतोष दुबे ने विद्युत वितरण केन्द्र द्वारा जारी त्रुटिपूर्ण बिल को निरस्त कर सही देयक का बिल सुधारा जाय। सहायक कलेक्टर ने विद्युत मंडल केडीईई की विद्युत देयक में सुधार करने के निर्देश दिये।



हनुमना के ग्राम मढ़ा रघुवर के आशीष तिवारी ने आवेदन दिया कि सरस्वती शिशु मंदिर एवं ग्राम अटरिया में शारदा शिशु मंदिर में शासन की अनुमति के बिना कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है विद्यालय में क्षतिग्रस्त वाहन लगाये गये है। वाहनों में छात्रों के बैढने की व्यवस्था भी नहीं है। कभी भी वाहनों में आने वाले छात्रों के साथ अनहोनी घटना घट सकती है। आवेदन के निराकरण के लिये जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये। रायपुर कर्चुलियान के ग्राम पड़रा के पवन अग्निहोत्री ने आवेदन दिया कि जीवेन्द्र अग्निहोत्री द्वारा सड़क पर मवेशी बांधकर रास्ते को अवरूद्ध किया जा रहा है। तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिये गये। हनुमना के ग्राम अगरही के विश्वनाथ सिंह, फूल कुमार सिंह, मंगलेश्वर सिंह, मुकेश सिंह, सुरजीत सिंह ने आवेदन दिया कि स्वत्व व अधिपत्य की भूमि में झोपड़ी बनाकर कब्जा कर लिया गया है। इसे मुक्त कराया जाय।

# कलेक्टर ने सुनी 170 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

नरेंद्र त्रिपाठी ◈ सीधी

जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा 170 आवेदकों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर द्वारा गंभीर किस्म की शिकायतों पर समय-सीमा अंकित कर संबंधित विभाग को निश्चित समय अवधि में निराकरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित शिकायतों को सीएम हेल्पलाईन पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे शिकायतों के निराकरण की बेहतर समीक्षा की जा सकेगी। इस दौरान श्री मालवीय द्वारा संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार/नायब तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को फोन पर सम्पर्क कर समस्याओं के विषय में अवगत कराते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।



# दर-दर भटकती रही है अकौना की जनता

श्रीधर सिंह ◈ सतना

रामपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत अकौना की जनता दर-दर भटक रही कई महीनों से इधर-उधर घूम रही जनता सोच नहीं पा रही कि किसके पास जाएं क्योंकि जिले के कोई भी कार्यालय नहीं बचे है जहा ना गए हो कई तरह के दर्दो से प्रताड़ित है अकौना की जनतो दिन रात एक करके जनता पूरे सबूत के साथ शासन प्रशासन तक रोजगार सहायक के खिलाफ जाकर लिखित आवेदन दिया है पर आज तक कोई भी कार्यवाही रोजगार सहायक आरती सिंह के ऊपर नहीं हुई है।




**इन दर्दो से जूझ रही है कंगना की जनता :** पहला कष्ट अकौना की जनता को शासन प्रशासन मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा जो वृद्धा पेंशन मिल रही है उसका लाभ नहीं मिल पा रहा जनता को दूसरा कष्ट अकौना की जनता समग्र आईडी में नाम नहीं जुड़ पा रहा लोगों का तीसरा कष्ट अकौना की जनता को मध्य प्रदेश सरकार माननीय शिवराज सिंह चौहान घर-घर राशन देने का कार्य कर रहे हैं कि गरीब भूखा ना सोए और भूखा ना मरे पर उन पर्चियों पर नाम नहीं चढ़ पा रहा है। चौथा कस्ट अकौना की जनता को माननीय प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गरीबों को रहने के लिए छत मिलती है एवं गरीबों को मजदूरी मिलती है पर वहीं पर रोजगार सहायक के द्वारा गरीबों का पेट मारकर उनकी मेहनत की कमाई मजदूरी नहीं मिल पा रही है।

**अकौना की जनता के दर्द की दवा कौन है :** ऊपर भगवान और नीचे मध्य प्रदेश सरकार सत्य ही न्याय करते हैं पर यहां पर देखा जाए तो आज अकौना की जनता की दवा कौन बन सकता है दर-दर भटक कर रो रही है जनता कोई क्यों नहीं देखने को तैयार

आज ही देखा जाए तो अकौना पंचायत की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है सरकार को देखा जाए एक तरफ तो या किसी नेताओं को देखा जाए वह चाहे किसी पार्टी का नेता हो जब चुनाव आता है तो जनता दिखती है और जात बात को लेकर दंगा और भड़काने का कार्य किया जाता है पर आज देखा जाए अकौना में तो हर कास्ट के लोग रोजगार सहायक से परेशान हैं चाहे वह ब्राम्हण हो चाहे वह ठाकुर हो चाहे वह कुर्मी समाज हो यह जाहे मध्य प्रदेश की चाहेती समाज आदिवासी एवं हरिजन के हैं जिसको मध्य प्रदेश सरकार अपनी चाहेती सरकार दिखाती है और उनके लिए कार्य भी करती है पर हर समाज के लोग आज रोजगार सहायक श्री आरती सिंह से परेशान हैं।

पर आज तक मध्य प्रदेश सरकार को अकौना पंचायत की जनता क्यों नहीं दिख पा रही है आखिर किसके नेतृत्व में रोजगार सहायक आरती सिंह पूरे ग्राम पंचायत की धज्जियां उड़ा रही हैं वहीं उनके पति नीलेंद्र प्रताप सिंह खुले आम सरपंच और सरपंच पति वा जात सूचक लगाकर किसी को खुले आम गाली दे रहे हैं किसके नेतृत्व या आशीर्वाद से उनके ऊपर कोई लोकतंत्र नहीं चल पा रहा है ना कार्रवाई हो पा रही है।

## आजादी अमृत महोंत्सव के समापन अवसर पर 9 से 30 अगस्त आयोजित होगे विभिन्न कार्यक्रम

**सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, सिंगरौली**। कलेक्टर श्री अरूण परमार ने जिलाधिकारियो को इस आशय के निर्देश दिये है कि आजादी के अमृत महोंत्सव के समापन अवसर पर 9 से 30 अगस्त तक संचालित होने वाले मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिए स्थल चयन कर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही 13 अगस्त को मुख्यमंत्री सीखो कमाओं योजना तथा 23 अगस्त को मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण के कार्यक्रम आयोजित किये जाने है जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी तैयारियां पर्ण कर ले। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी विभागों द्वारा संचालित शासन की महात्वाकांक्षी योजनाओ के लाभ से पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराये। कलेक्टर ने 10 अगस्त को लाडली बहना योजना की तीसरी किस्त के राशि का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसके लिए महिला बाल विकास अधिकारी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियो को समय पर पूर्ण कर सूचित करे।



महत्वाकाक्षी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत दे लाभः कलेक्टर

## केक काटने से अच्छा एक वृक्ष लगाए : सागर गुप्ता

श्रीधर सिंह ◈ सतना



कोटर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अबेर वार्ड क्र. 6 में युवा समाजसेवी सागर गुप्ता उर्फ अज्जू भैया के जन्म दिवस पर उनके साथियों द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। अज्जू ने वृक्षारोपण कर प्रकृति को बचाने के लिए संकल्प लिया कि यदि पर्यावरण संरक्षण बना हुआ है तो हर इंसान दस पुत्रों को जीवन दे रहा है। इस बीच ग्रामीण के लोग विकास सिंह, चक्रधर सिंह, विपिन सिंह, गुड्डा सिंह, बेटू विश्वकर्मा, राजेश सिंह, सत्येंद सिंह, शिव प्रताप सिंह, रवि सिंह, अरुण सिंह, उपेन्द्र सिंह, छोटे सिंह, तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान:सतना जिले में तैयारियां शुरू
# शासकीय राशन दुकानों पर भी उपलब्ध होंगे झंडे

फतवा समाचार ◈ सतना

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियां सतना जिले में शुरू कर दी गई हैं। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने इस संबंध में सभी मातहतों को 13 से 15 अगस्त तक इस अभियान का क्रियान्वयन कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देशवासियों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करना, जन सामान्य में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा राष्ट्रीय ध्वज लगाने के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देशित किया है कि जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों को झण्डा वितरण और विक्रय केन्द्र के रूप में उपयोग किया जाए। सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में उचित मूल्य दुकानों से संलग्न हितग्राही परिवारों की संख्या को आधार मानते हुये आवश्यक झण्डों का आकलन कर मांग इस कार्यालय को प्रेषित की जाए ताकि उन्हें मांग अनुसार झण्डे उपलब्ध कराया जा सके। उचित मूल्य दुकानदार कार्यालय जिला पंचायत सतना, जिला खाद्य कार्यालय, उपायुक्त सहकारिता जिला सतना, जिला परियोजना अधिकारी, एनआरएलएम, महाप्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सतना, जनपद कार्यालय से निर्धारित दर के मान से झण्डे क्रय कर सकते हैं। विगत वर्ष हर घर तिरंगा अभियान में जिला प्रशासन द्वारा हितग्राहियों को झण्डे उपलब्ध कराए गए थे। यदि हितग्राहियों के पास विगत वर्ष के झण्डे साफ सुथरे, अच्छी हालत में रखे हैं तो वही झण्डे इस वर्ष भी इस्तेमाल किए जा सकते हैं। कटा, फटा, मैला तिरंगा झण्डा इस्तेमाल न किया जाए। उचित मूल्य दुकान विक्रेता अपनी दुकान से संलग्न हितग्राहियों को सशुल्क झण्डा क्रय करने के लिए प्रेरित करेंगे एवं हितग्राहियों को अपने घर पर तिरंगा झण्डा लगाने के लिए बताएंगे। अभियान के दौरान समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर भी तिरंगे लगाए ताकि हितग्राही झण्डा लगाने हेतु प्रेरित हों। शासकीय उचित मूल्य दुकानें जो झण्डे का विक्रय करेंगी उन पर झण्डे पर केन्द्रित जिंगल एवं झण्डे पर केन्द्रित जानकारी संबंधी गीत सुनाए जाएंगे।



सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
विश्वदीपक श्रीवास्तव (एड.)
जिला अधिवक्ता संघ अनूपपुर

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय जल संसाधन विभाग जैहतरी
जेएल नंदा
एसडीओ

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय जिला महिला बाल विकास अधिकारी जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
महिला बाल विकास अधिकारी जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
वरिष्ठ समाज सेवक श्री जेठालाल पेंड्रा

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय कार्यपालन यंत्री पीएचई विभाग अनूपपुर मध्य प्रदेश
कार्यपालन यंत्री
अनूपपुर

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय लोक निर्माण विभाग अनूपपुर जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश
बीएल दुबेदी
एसडीओ अनूपपुर

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय : पशु विभाग जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश
उपसंचालक
अनूपपुर जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय वन परीक्षेत्र अधिकारी जैतहरी जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश
वन परीक्षेत्र अधिकारी जैतहरी

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय वन परीक्षेत्र अधिकारी कोतमा जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश
वन परीक्षेत्र अधिकारी कोतमा

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
जय माता दी होटल
रुकने की उत्तम व्यवस्था संपर्क करें
रेलवे स्टेशन के पास
मनोज श्रीवास्तव
अनूपपुर जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय नगर पालिका परिषद पसान, जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश
(1) पानी का सदुपयोग करें
(2)समय पर कर का भुगतान करें
(3)कचरा को उचित स्थानों पर ही डालें
अध्यक्ष राम अवध सिंह | उपाध्यक्ष | मुख्य नगरपालिका अधिकारी | समस्त पार्षद गण एवं मनोनीत पार्षद गण

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय वन परीक्षेत्र अधिकारी जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश
वन परीक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
जनक राठौर एडवोकेट वरिष्ठ कम्युनिस्ट पार्टी नेता अनूपपुर

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय नगर पालिका परिषद कोतमा जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश
- करो का भुगतान समय पर करें
- पानी अनावश्यक ना बेन उसका उपयोग करें
- कचरे को सुनिश्चित स्थान पर ही फेक
अजय सराफ
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद कोतमा
उपाध्यक्ष
नगर पालिका पालिका परिषद कोतमा
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कोतमा
एवं समस्त मनोनीत पाषर्दगढ़ एवं जनप्रतिनिधि

## 3.20 हैक्टेयर भूमि पर होगा निर्मित होगा यूनिटी मॉल: महाकाल लोक की तरह होगा इसका फ्रंट एलिवेशन, सभी राज्य के प्रोडक्ट एक जगह मिलेंगे



**भोपाल नप्र।** इंदौर रोड पर इंपीरियल होटल के पास बनने वाले यूनिटी मॉल की 284 करोड़ रुपए की डीपीआर केंद्र सरकार ने स्वीकृत कर दी है। 3.20 हेक्टेयर भूमि पर बनने वाले इस मॉल का फ्रंट एलिवेशन महाकाल लोक की तरह होगा। आधुनिक सुविधाओं से लेस इस मॉल में सभी राज्यों और प्रदेश के सभी जिलों के प्रोडक्ट एक ही जगह मिलेंगे।

यहां बच्चों के लिए प्ले जोन तो मनोरंजन के दो मल्टी फ्लेक्स भी होंगे। केंद्र सरकार की आत्म निर्भर योजना के अंतर्गत ओडीओपी (वन डिस्ट्रीक्ट वन प्रोडक्ट) योजना को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ राज्य एवं जिलों के स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार द्वारा सभी राज्यों में एक-एक यूनिटी माल बनाए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें प्रदेश शासन ने यूनिटी माल निर्माण के लिए उज्जैन का चयन किया है। यूनिटी मॉल को यूडीए बना रहा है। यूडीए के अध्यक्ष श्याम बंसल ने बताया कि यूनिटी माल में प्रत्येक राज्य की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक राज्य को निःशुल्क स्थान दिया जाएगा, जिसमें वे अपने-अपने राज्य के प्रमुख स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित कर विक्रय करेंगे, जिससे उनके राज्य के स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही मप्र के प्रत्येक जिले को भी निःशुल्क स्थान आवंटित किया जाएगा, जिसमें वे उस जिले एवं क्षेत्र के स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित कर विक्रय करेंगे।

### ऐसा होगा स्वरूप, पार्किंग तक ही सुविधा

मॉल के बेसमेंट में 450 वाहनों की पार्किंग होगी। माल के पीछे अनुभूति गार्डन भी विकसित किया जाएगा, जिसमें ग्रह-नक्षत्रों के आधार पर पौधे लगाए जाएंगे। माल के सबसे ऊपरी तल पर दो बड़े मल्टिप्लेक्स भी बनाए जाएंगे। पूरे यूनिटी माल को उज्जैन की संस्कृति एवं पौराणिक के महत्व को दृष्टि गत रखते हुए भवन का एलिवेशन महालोक के समान किया जाएगा। पांच मंजिला कन्वेंशन सेंटर एवं रुकने के लिए 45 कमरे भी निर्मित होंगे। इस निर्माण के अंतर्गत भूतल पर 36300 वर्ग फीट, प्रथम तल पर 36300 वर्ग फीट एवं द्वितीय पर 17400 वर्ग फीट, तृतीय तल पर 17400 वर्ग फीट, एवं चतुर्थ तल पर 17400 वर्ग फीट एवं पंचम तल पर 17400 वर्ग फीट का निर्माण किया जाएगा। चार फ्लोर पर 12-12 राज्यों को स्पेस दिया जाएगा। प्रदेश के जिलों के लिए भी जगह होगी। कमर्शियल दुकानें, पार्क, गेम झोन, फूड जोन आदि माल में निर्मित किए जाएंगे।




सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत कछारी मॉल जनपद पंचायत शहपुरा जिला डिंडोरी मध्य प्रदेश
सरपंच प्रमिला उरैती
सेम सिंह वरकड़े सचिव
सुदिप झारिया रोजगार सहायक

## भाजपा का खास प्लान! हारी सीटों पर जगाएगी राष्ट्रवाद की अलख

### पार्टी की विचारधारा से जुड़े सामाजिक संगठन कराएंगे कवि सम्मेलन



**भोपाल नप्र।** मध्य प्रदेश की सत्ता में फिर वापसी करने के लिए भारतीय जनता पार्टी एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। भाजपा मिशन 2023 को फतह करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पार्टी अब अपनी विचारधारा से जुड़े सामाजिक संगठनों को भी मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। दरअसल, 2018 के चुनाव में हारी हुई सीटों के लिए भाजपा ने खास प्लान तैयार किया है। हारी सीटों पर भाजपा राष्ट्रवाद की अलख जगाएगी। इन विधानसभा में कवि सम्मेलन होंगे। जिसमें देशभर से कवि और साहित्यकारों को बुलाया जाएगा। हालांकि पार्टी सीधे तौर पर इन कार्यक्रमों को लेकर आगे नहीं आएगी। अपनी विचारधारा से जुड़े सामाजिक संगठन या एनजीओ के माध्यम से कार्यक्रम कराएगी। पर्दे के पीछे भाजपा पूरा आयोजन संभालेगी।

**प्रभारियों से मांगी गई जानकारी:** भाजपा ने प्रभारियों से पार्टी की विचारधारा से जुड़ी एनजीओ और सामाजिक संस्थाओं के डिटेल बुलाए हैं। गौरतलब है कि कई कवि भाजपा से भी जुड़े हुए हैं। इंदौर से सत्यनारायण सत्तन, उप्र की कवियत्री अनामिका भी कवि सम्मेलन में शामिल होंगी। इसको लेकर भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा का कहना है कि हमेशा भाजपा राष्ट्रवाद से जुड़ी रही है।




मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के साथ नेहरू युवा संगठन भोपाल के राज्य निदेशक डॉ.सुरेन्द्र शुक्ला और उनके सहयोगियों ने फ़मेरी माटी मेरा देशफ़ के तहत पौध-रोपण किया।

## जिनके दिल नहीं मिलते उनके दल मिल रहे ग्वालियर दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे सिंधिया



**भोपाल नप्र।** ग्वालियर दो दिवसीय प्रवास पर आए केन्द्रीय नागरिक विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केन्द्र में भाजपा को रोकने के लिए बने महा गठबंधन पर कहा है कि यह कुनवा सत्ता के लालच में बना है। जिनके दिल नहीं मिलने उनके दल मिल रहे हैं। लालच में यह दल इकट्ठे हो रहे हैं। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की लहर चल रही है। उन्हें रोकने के लिए सत्ता के लालची विपक्षियों का कुनबा एकजुट हो रहा है, लेकिन जनता इन के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा फिर मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दो दिवसीय दौरे पर ग्वालियर आए हैं। सुबह 11.40 बजे वह ग्वालियर एयरपोर्ट पर आए और इसके बाद मीडिया से बातचीत की। अपनी बातचीत के दौरान उन्होंने एक दिन पहले संसद में दिए अपने बयान को फिर से दोहराया है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रजातंत्र के मंदिर (संसद) में बहुत बातें हुई हैं। जनता ने सभी को देखा है। यहां राम और रावण की बात हुई और भी कई बातें हुई लेकिन जनता सभी के मुखौटे जानती है। जनता इनके मुखौटों को उतार फेंकेगी।

### राम मंदिर पर भी प्रखर होकर बोले सिंधिया

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने शुक्रवार को ग्वालियर पहुंचने के बाद भगवान राम और राम मंदिर भी प्रखर होकर बातचीत की है। उन्होंने कहा कि भगवान राम 140 करोड़ भारतीयों के ही नहीं वरन विश्व के कई देशों में पूजे जाते हैं। भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण कर लोगों की भावनाओं का सम्मान किया है। यह मंदिर निर्माण के अंतिम चरण में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले वर्ष इस मंदिर का उद्घाटन करेंगे।

### साा के लालची इकट्ठे हो रहे हैं

सिंधिया ने केन्द्र में मोदी को रोकने के लिए बने महा गठबंधन पर भी प्रखर होकर कहा है कि सत्ता के लालच में यह दल एकत्रित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिनके दिल कभी नहीं मिले वह दल अब मिल रहे हैं। सत्ता के लालच में यह कुनवा तैयार हुआ है। यह कुनवा मोदी और शाह को रोकने के लिए बना है, लेकिन जनता यह जानती है कि ये लोग क्यों एकत्रित हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविंद सिंह के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि वे वरिष्ठ नेता है। वे कुछ भी कहे जनता सब जानती है और वह अपना फैसला सुनाएगी।

# मुख्यमंत्री ने अमरकंटक ताप विद्युत परियोजना चचाई का किया शिलान्यास







**अनूपपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के आज अनूपपुर जिले के प्रवास के दौरान लगभग 5600 करोड़ रुपए की लागत से बनने होने वाली अमरकंटक ताप विद्युत परियोजना चचाई 17660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल ईकाई का शिलान्यास किया । इस अवसर पर प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की मंत्री एवं अनूपपुर जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री मीना सिंह, मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग के मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर तथा कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल, कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा, एडीजी श्री डीसी सागर, कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें ।

## प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों कांग्रेसी गिरफ्तार

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जिला अनूपपुर आगमन पर कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार, पटवारी घोटाले, नाबालिकों पर अत्याचार, आदिवासियों पर अत्याचार, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, छात्रवृत्ति घोटाला, एवं विभिन्न घोटालों के जवाब मांगने के लिए अनूपपुर कांग्रेस के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के रोड शो की ओर जा रहे थे तभी अनूपपुर पुलिस बल ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

एवं जिले के अलग-अलग भागों में ले जाया गया चचाई थाने में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, सेवादल यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष जितेंद्र सोनी, पिछड़ा वर्ग कार्यकारी अध्यक्ष रामलाल पटेल, एनएसयूआई पूर्व जिला अध्यक्ष संजय सोनी, आदिवासी विभाग के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पट्टा, वरिष्ठ नेता कांग्रेस सुनील पटेल, बहादुर पटेल, आईटी सेल विधानसभा अध्यक्ष हेमराज सिंह, आशीष वर्मा, अतुल शुक्ला, शेखर शुक्ला आदि!

## मतदाताओं को जागरूक करने निकला रथः वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए तीनों विधानसभा में भीड़ वाले क्षेत्र पर होगी विशेष नजर

**शहडोल।** आगामी विधानसभा चुनाव में वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन विभाग ने कमर कस ली है। जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना वैद्य ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर शहडोल से जिले के तीनों विधानसभाओं के लिए मतदाता जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करने और मतदान से संबंधित प्रक्रिया को सुलभ रूप से समझाने का ये वहां प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना वैद्य ने बताया कि जागरूकता वाहन जिले के प्रत्येक मतदान केंद्रों के साथ भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, हाट-बाजार, स्कूल और कॉलेज आदि में जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगे। सभी जागरूकता वाहनों पर एलईडी लगाई गई है, जिस पर मतदाता जागरूकता संबंधी अनेक फिल्मों का प्रदर्शन मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति



जागरूक कर अपने मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया जायेगा। इसी के साथ जागरूकता वाहनों पर ईवीएम एवं वीवीपेट का भी प्रदर्शन कर मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया जानकारी सहज ढंग से बताई जाएगी।

मतदाता जागरूकता के साथ इन वाहनों का उद्देश्य 2 से 31 अगस्त तक चलने वाले द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत मतदाताओं से अपील की जाएगी कि जिन मतदाताओं ने 18 वर्ष की उम्र पूरी कर ली है साथ ही जो मतदाता 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, वे अपने मतदान केन्द्र पर बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से भी नाम जोड़ने आवेदन ऑनलाइन किया जा सकता है। एक माह तक चलने वाले अभियान अंतर्गत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने या मतदाता परिचय पत्र में सुधार के आवेदन प्राप्त करेंगे।

## हारी के साखी गांव के विद्यार्थी परेशान
### सड़क कीचड़ होने से बारिश में नहीं जा पाते स्कूल

**शहडोल।** शहडोल जिले के ब्यौहारी विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सांखी में सड़क जर्जर होने के कारण बच्चे नियमित स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। मुख्य मार्ग से लगभग एक किलोमीटर कि दूरी पर हाई स्कूल है।

वहां तक जाने के लिए अभी तक रोड नही बन पाई है। बरसात में बच्चे कीचड़ में चलने को मजबूर हैं, ज्यादा बारिश होने पर बच्चे स्कूल ही नही जाते जिससे उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। कई बार कीचड़ में गिरने से बच्चों के कपड़े गंदे होते हैं। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल ने बताया कि इस रोड के लिए कई बार शासन प्रशासन से बात किया गया। जिला पंचायत कि बैठक में उठाया गया, ब्यौहारी तहसीलदर अभयानंद शर्मा को मौके में स्कूल ले जाकर खराब स्थिति से अवगत कराया गया। इसके अलावा जनपद



पंचायत ब्यौहारी के सीईओ को भी इस समस्या से अवगत कराया गया था लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया गया। आसपास के पट्टे धारियों से सहमति भी करवा लिया गया है, लेकिन आज भी स्कूल जाने के लिए सडक न होने से बच्चे सड़क के लिए तरस रहे हैं।

## हर घर तिरंगा अभियानः युवाओं ने दीवार लेखन के माध्यम से किया 13 से 15 अगस्त के बीच तिरंगा फहराने का आग्रह



**उमरिया।** हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिले की युवाओं की टीम ने दीवार लेखन किया और 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा फहराने का आग्रह किया है। युवा टीम उमरिया की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान का दीवार लेखन कर लोगों को दे रहे जानकारी। हिमांशु तिवारी ने बताया कि हर घर तिरंगा महाअभियान में आमजन की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर हरसंभव प्रयास किए जा रहा हैं। ताकि इस महा अभियान को ऐतिहासिक और यादगार बनाया जा सके। हमारा प्रयास है, कि इस देशभक्ति से ओतप्रोत इस महाअभियान के रंग में रंगने से कोई भी नागरिक छूटने न पाए। 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर गर्व से तिरंगा फहराने का आग्रह किया है। इस पहल के पीछे लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और तिरंगे से जुड़ाव को गहरा करना है। हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय गौरव का आयोजन है। अभियान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में दीवार लेखन किया जा रहा है

## स्वास्थ विभाग में कलेक्टर की बड़ी कार्रवाई:दो कर्मचारी निलंबित, एक की सेवा समाप्ति और एक कर्मचारी बहाल

**उमरिया।** जिले के मुखिया और कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने स्वास्थ्य विभाग में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कर्मचारियों को निलंबित किया है और एक कर्मचारी की सेवा समाप्ति करने के साथ-साथ एक कर्मचारी को बहाल भी किया है। वहीं कलेक्टर की कार्रवाई के बाद पूरे जिले में और सभी विभागों में हलचल मची हुई है। स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय के बाद एक बड़ी कार्रवाई देखी गई है। बताया गया कि कर्मचारियों ने अमरपुर अस्पताल में टीबी जांच के लिए टू नाट मशीन की बेचने की योजना बनाई थी। साथ ही मशीन को अस्पताल से भी ले जाया गया था। अस्पताल से संदिग्ध परिस्थितियों में मशीन गायब होने के बाद अमरपुर चौकी में मार्च महीने में प्रकरण भी दर्ज करवाया गया था। वहीं पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया था। कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने अमरपुर अस्पताल में पदस्थ लैब टेक्नीशियन भजन लाल



पिता धानी राम सिंह की सेवा समाप्त कर दी है और भृत्य नागेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया है। अमरपुर अस्पताल में पदस्थ सेक्टर सुपरवाइजर रामलखन यादव जो करीब 6 माह से निलंबित थे। बहाल कर धमोखर स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ किया गया है और सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 राममित्र बैगा जो पिछले 8 माह से अनुपस्थित है। कलेक्टर ने राम मित्र बैगा को निलंबित किया है। सहायक ग्रेड 3 राममित्र बैगा दिसंबर माह के शुरूआती समय से ही बिना बिना सूचना के अनुपस्थित है।







स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. नं 19 जिंसी जहांगीराबाद, भोपाल,मप्र, मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 9 , जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। संवादक-डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनूपपुर होगा। मो -9893798715